Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 103 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शनिवार 05 अक्टूबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जो देश बुद्धि वर्ग समुदाय को बेचता है वह अवश्य ही गरीब होता है।
A Country which sells its talents is by all means apoor country.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा में 167 करोड़ 21 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज दंतेवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान जिले में 167 करोड़ 21 लाख रुपए के विकास कार्यों की लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें लोकार्पण के तहत जिला दन्तेवाड़ा के विकासखण्ड कुआकोण्डा में शासकीय उपाधि महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्रों हेतु 100 सीटर कन्या छात्रावास भवन निर्माण कार्य 272.450 लाख रू., दन्तेवाड़ा में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण 99.000 लाख रू., 100 सीटर छात्रावास भवन का निर्माण कार्य दन्तेवाड़ा 160.000 लाख रू., बुढ़ा तालाब बारसूर में सौंदर्यीकरण कार्य विकासखण्ड-गीदम 453.000 लाख रू., शंकनी-डंकनी नदी तट पर घाट निर्माण 3659.700 लाख रू., 500 सीटर आवासीय विद्यालय कारली के भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित वि.ख.-गीदम 487.150 लाख रू., एनीकट निर्माण कार्य कटेकल्याण पुजारी पारा डुमाम नदी पर 350.000 लाख रू., दुगेली एनीकट निर्माण कार्य 372.940 लाख रू., प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छिन्दनार का निर्माण कार्य 75.000 लाख रू., उप स्वास्थ्य केन्द्र हिड़पाल का निर्माण कार्य 28.510 लाख रू. के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री साय ने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान सर्किट हाऊस परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत केसर आम का पौधा लगाया। इस दौरान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह ने आम एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने नारियल का पौधा लगाया। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने बादाम एवं विधायक चैतराम अटामी द्वारा कटहल का पौधा लगाया गया।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षा बलों के जवानों के साथ किया संवाद

## बस्तर अब शांति की ओर हो रहा अग्रसर : विष्णुदेव साय



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बीजापुर प्रवास के दौरान विश्रामगृह में आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सली हिंसा से पीड़ित युवाओं से संवाद किया। ये युवा छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत पुलिस विभाग में भर्ती होकर माओवादियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नक्सल संगठन को छोड़कर पुनर्वास नीति से लाभान्वित होने वाले युवाओं से मिलकर खुशी जाहिर की और कहा कि बस्तर अब शांति की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विगत दिवस नक्सलियों की हिंसा के शिकार 55 से ज्यादा नक्सल पीड़ितों ने दिल्ली जाकर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु एवं केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से मिले और नक्सलवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सली हिंसा के शिकार लोगों की बातों को सुनकर बहुत ही दुख लगा कि निर्दोष लोग हिंसा के शिकार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान नक्सली पीड़ित नव आरक्षक सुमित्रा ने बताया कि उनके पिता की नक्सलियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत वे आरक्षक के पद पर नियुक्त हुए है। शासन के पुनर्वास नीति नक्सल पीड़ित परिवार के लिए वरदान साबित हो रही है। वहीं चेरकंटी निवासी श्री मंगल मोड़ियम पूर्व में 19 वर्षों तक नक्सल संगठन में शामिल था। माओवादियों के खोखली विचारधारा को छोड़कर आत्मसमर्पण किया, जिन्हें पुनर्वास नीति के तहत पुलिस विभाग में नियुक्ति मिली। श्री मंगल मोड़ियम ने बताया कि बस्तर, बीजापुर में शांति स्थापित होना जरूरी है। भोले-भाले आदिवासियों का नक्सलियों द्वारा जल, जंगल, जमीन के नाम पर गुमराह किया जाता है।

## तिरुपति प्रसाद विवादः सुप्रीम कोर्ट ने नई एसआईटी का किया गठन



**तिरुपति (आरएनएस)।** तिरुपति लड्डू विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी बनाने के आदेश जारी किए है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पांच सदस्यीय जांच टीम बनाई जानी चाहिए। इस टीम में दो अधिकारी सीबीआई से, दो अधिकारी राज्य सरकार के और एक अधिकारी एफएसएसएआई का होना चाहिए। जांच की निगरानी सीबीआई डायरेक्टर करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा हम अदालत को राजनीतिक लड़ाई के प्लेटफार्म में तब्दील होने की इजाजत नहीं दे सकते। पहले इस मामले की जांच आंध्र प्रदेश सरकार के अधिकारी कर रहे थे लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तिरुपति बालाजी प्रसाद बनाने में प्रयोग होने वाले घी में मिलावट के आरोपों की जांच राज्य सरकार की एसआईटी नहीं करेगी और नई एसआईटी के गठन को लेकर निर्देश दिए।

कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल ने पुरानी एसआईटी पर भरोसा जताया था, लेकिन कोर्ट ने नई एसआईटी का गठन कर दिया। जस्टिस गवई ने कहा कि हम नहीं चाहते कि यह राजनीतिक नाटक बने।

## ईरान-इजरायल में बढ़ते तनाव से भारत भी अलर्ट, पीएम ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग



### एनएसए डोभाल भी पहुंचे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इजरायल-ईरान के बीच बढ़ते तनाव और पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की तत्काल बैठक बुलाई। बैठक में पीएम मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह , विदेश मंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पश्चिम एशिया में उभरते संकट पर गहन चर्चा की।

बैठक में इजरायल पर ईरानी हमले के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने पश्चिम एशिया के मौजूदा घटनाक्रम को बेहद चिंताजनक बताया। बैठक में ईंधन समेत अन्य उत्पाद की आपूर्ति में पड़ने वाले असर पर भी विचार-विमर्श किया गया। भारत ने सभी पक्षों से तुरंत कूटनीति और बातचीत के माध्यम से मुद्दों को सुलझाने की अपील की।

## अश्विनी वैष्णव ने नासिक में 40वीं आरपीएफ स्थापना दिवस परेड में लिया भाग, अनुकरणीय सेवा के लिए पुरस्कार विजेता आरपीएफ कर्मियों को किया सम्मानित

### केंद्रीय मंत्री ने महिला कर्मियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए आरपीएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों के उन्नयन के लिए 35 करोड़ रुपए अनुदान की घोषणा की



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने आज नासिक स्थित आरपीएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की 40वीं स्थापना दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने 33 आरपीएफ कर्मियों को सम्मानित किया, जिन्हें 2023 और 2024 के दौरान यात्रियों की जान बचाने में उनके साहसी प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित पुलिस पदक और जीवन रक्षा पदक प्रदान किए गए। ये पुरस्कार देश के रेलवे नेटवर्क की सुरक्षा में आरपीएफ की अनुकरणीय सेवा को दर्शाते हैं और बल के अन्य सदस्यों को नए जोश के साथ अपने समर्पित प्रयासों को जारी रखने के लिए प्रेरित करेंगे।

केंद्रीय मंत्री ने सुरक्षा उपायों को बढ़ाने में आधुनिक तकनीक को सक्रिय रूप से अपनाने के लिए आरपीएफ की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरपीएफ को अपने कर्मियों की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट और बेहतर हेलमेट सहित आधुनिक सुरक्षात्मक गियर से लैस किया जाएगा। मंत्री ने महिला कर्मियों के लिए सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ आरपीएफ के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए ?35 करोड़ के अनुदान की घोषणा की। तमिलनाडु में आरपीएफ डॉग स्क्वॉड के लिए क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र तैयार करने के उद्देश्य से ?5.5 करोड़ का अतिरिक्त अनुदान स्वीकृत किया गया, जिसका उद्देश्य विशेष प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। केंद्रीय मंत्री ने अनुशासन और प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन के रूप में आरपीएफ परेड के दौरान औपचारिक सलामी भी ली। इस कार्यक्रम के भाग के रूप में, श्री वैष्णव ने संज्ञान मोबाइल एप्लिकेशन का हिंदी संस्करण लॉन्च किया, जिससे बल के भीतर संचार को बढ़ावा मिलता है।



# कलेक्टर ग्राम केजेदाह पहुंचकर प्रभावित किसानों से मिले

**कलेक्टर ने धान की फसलों में फफूंदनाशक दवा छिड़काव के बाद नुकसान हुए फसलों का किया मुआयना**

**कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी को कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा किसानों को नियमानुसार मुआवजा और क्षतिपूर्ति राशि दिलाने के निर्देश दिए**



**कवर्धा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर गोपाल वर्मा सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम केजेदाह के किसानों द्वारा फफूंदनाशक दवा छिड़काव से हुए फसल क्षति की जानकारी मिलने पर आज कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ ग्राम केजेदाह के खेत में पहुंचकर फसलों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने प्रभावित किसानों के खेतों में जाकर फसलों का मुआयना किया और किसानों की समस्याओं को ध्यान से सुना। निरीक्षण के दौरान दवा कंपनी के प्रतिनिधि आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर कृषि उपसंचालक द्वारा किसानों की शिकायत पर टीम जांच के लिए गांव भेजी गई थी। जिसमें दवा के छिड़काव द्वारा फसल का नुकसान होना पाया गया। कलेक्टर ने जांच के आधार पर कम्पनी के प्रतिनिधि के माध्यम से कंपनी द्वारा किसानों को मुआवजा और क्षतिराशि राशि प्रदान के निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराने कंपनी की कार्रवाई पर मॉनिटरिंग करने एसडीएम और कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मुआवजा का प्रकरण तैयार कर कंपनी को भेजने के निर्देश दिए। जिससे प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा मिल सके। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। फसलों को हुए नुकसान की पूरी जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए प्रशासन कार्रवाई कर रही है।

कृषि विभाग के उप संचालक श्री मोहंती ने बताया कि सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम कोयलारी, केजेदाह और छोटूपारा के चार किसानों द्वारा फफुंदनाशक दवा छिड़काव से फसल खराब होने की शिकायत की गई थी। इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर विभाग के अधिकारीयों को जांच करने गांव भेजी गई थी। इसमें फसल के छिड़काव से लगभग 21 एकड़ खेत में फसल नुकसान होना पाया गया है। इस दौरान सहसपुर लोहारा एसडीएम सुश्री अकांक्षा नायक, उपसंचालक कृषि अमित कुमार मोहंती, तहसीलदार, डॉ. विवेक गोहिया सहित संबंधित अधिकारी एवं किसान उपस्थित थे। निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने ग्राम केजेदाह में ग्रामवासियों के साथ जमीन पर बैठकर संवाद किया और उनकी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने किसानों से उनकी फसलों के नुकसान, खेती की चुनौतियों और अन्य ग्रामीण समस्याओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्रशासनिक स्तर पर तेजी से नियमानुसार किया जाएगा।

# सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत 108 बालिकाओं को सायकल वितरित किया गया

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)**-भटगांव स्थित कन्या हायर सेकेण्डरी विद्यालय मे सरस्वती सायकल योजना के तहत 108 छात्राओं को सायकल अतिथियों के कर कमलो से वितरित किया गया। सायकल वितरण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि थे नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता अध्यक्षता एस एम डी सी अध्यक्ष आशीष बाजपेई ने किया।विशिष्ट अतिथि के रूप मे मौजूद थे बीजेपी प्रदेश मंत्री परमेश्वरी राजवाड़े ने कहा एक लड़की शिक्षित होती है तो एक पूरा परिवार शिक्षित होता है आप सभी आगे बढ़े। बीजेपी जिला मंत्री अशोक सिंह,पार्षद श्रीमती बालो देवी,पूर्व एल्डरमैन मानिक चंद गुप्ता, अफरोज खान, महरजिया देवी प्राचार्य श्रीमती पुष्पा खलखो मौजूद थे। कार्यक्रम मे बच्चियों को सम्बोधित करते हुवे अध्यक्ष सूरज कुमार गुप्ता ने कहा इस विद्यालय मे 18,18 लाख के अतिरिक्त कक्ष की स्वीकृति हो रहा है। शासन की तरफसे लड़कियों को सायकल मिलता है इसका उपयोग करें पढ़े और अपने माँ बाप नाम रोशन करें। अशोक सिंह ने कहा की सरस्वती सायकल योजना का शुभारम्भ बीजेपी सरकार मे डॉ रमन सिंह ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया था जिसका फायदा सभी को मिलता है।श्रीमती परमेश्वरी राजवाड़े ने कहा की आशीष बाजपेई ने कहा की आपको सायकल जिस उद्देश्य से दिया गया है उसे पूरा करें और नियमित स्कूल आएं शिक्षित बने।इस अवसर पर हरकेश जायसवाल, अरबिंद विश्वकर्मा, सतीश पाण्डेय, तेजकुमार लकड़ा,दिनेश सोनी, विजय गुप्ता,संध्या,लालिता जायसवाल, खुश्बू अम्बास्ट, संगीता भकता,नेहा सिन्हा बीजेपी नेता वीरेंद्र गुप्ता, कमलेश सिंह सिंह सहित अभिभावक गण एवम छात्राएं उपस्थित थी।

# मुख्यमंत्री की पहल से रातु राम को मिला तत्काल ट्राई सायकल

**दुर्घटना होने पर चलने-फिरने में थे असमर्थ, ट्राई सायकल मिलने पर राह हुई आसान**

**जशपुरनगर(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर कुनकुरी के शंकर नगर निवासी श्री रातु राम को तत्काल ट्राई सायकल प्रदान किया गया है। श्री रातु राम पांच साल पहले एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, तब से वे चलने-फिरने में असमर्थ थे। दुर्घटना के बाद से उनकी जिंदगी कठिन हो गई थी और वे अपने रोजमर्रा के कामों को करने में असमर्थ थे। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय, बगिया में जाकर मुख्यमंत्री श्री साय से गुहार लगाई थी। श्री रातु राम ने अपनी समस्या रखते हुए मुख्यमंत्री से मदद की अपील की, जिस पर सीएम कैंप कार्यालय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें ट्राई सायकल प्रदान करने के निर्देश दिए। ट्राई सायकल मिलने के बाद श्री रातु राम अब आसानी से अपने दैनिक कार्यों को पूरा कर पा रहे हैं और उनका जीवन फिर से सामान्य हो रहा है। उन्होंने इस मदद के लिए मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी सहायता ने उन्हें एक नई उम्मीद दी है। इस पहल से स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री साय जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के प्रति गंभीर हैं। इस घटना से जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने का भरोसा और भी मजबूत हुआ है।

# आश्रमों में बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : तुलेश्वर मरकाम

**अस्पताल में भर्ती छात्राओं से मिलने पहुंचे विधायक**

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में संचालित आदिवासी कन्या आश्रमों में पिछले कई वर्षों से देखा जा रहा है कि जिले से कोसों दूर ग्राम पंचायतों में शासन द्वारा संचालित आदिवासी कन्या आश्रमों में विभागीय मापदंड एवं शासन की गाइड लाइन को दरकिनार कर नियमानुसार आदिवासी बालिकाओं की शिक्षा, दीक्षा एवं उनके भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी में लापरवाही हो रही है। इसकी निगरानी शासन के उच्चाधिकारियों की है। पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत कटोरीनगोई में संचालित आदिवासी कन्या आश्रम में 1 अक्टूबर की देर शाम भोजन के बाद लगभग 19 छात्राओं को उल्टी, पेट में दर्द से पीड़ित बच्चों से मिलने पहुंचे विधायक पाली तानाखार, तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम ने बच्चों को फल वितरण कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जाना। विधायक तुलेश्वर सिंह ने ड्यूटी पर तैनात डाक्टरों को इलाज के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। क्षेत्रीय विधायक के साथ गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के विधायक प्रतिनिधि कुलदीप मरकाम, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष रफीक एवं गोंगपा के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# सहायक उप निरीक्षक की धर्मपत्नी शिक्षिका ने फांसी लगाकर अपनी लीला समाप्त की



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)** चांदोरा पुलिस थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक वरुण तिवारी की पत्नी साधना तिवारी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

उक्त संबध में बताया जाता है कि वरुण तिवारी चंदौरा पुलिस थाना में ड्यूटी पर थे ।पत्नी एवं शिक्षिका साधना तिवारी 42 वर्ष नवरात्रि में व्रत रखी थी तथा तीन दिनों से उपवास थी उन्होंने अपने घर का पालतू कुत्ता पवित्रता को ध्यान में रखते हुए पड़ोसी यहां कुछ दिन के लिए रखी थी परंतु छोटा पुत्र एक्स ने जिद कर पड़ोसी के यहां से अपना कुत्ता लेकर घर आ गया जिस पर शिक्षिका साधना तिवारी इस आशय की सूचना अपने पति वरुण तिवारी को दी तथा गुस्से में अपने छोटे पुत्र अक्ष को एक रूम में बंद कर दी तथा दूसरे रूम में अपनी चुन्नी में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली बताया जाता है कि सहायक उप निरीक्षा के अपने धर्मपत्नी को बार-बार फोन कर कर रहे थे परंतु कोई जवाब न मिलने पर ग्राम कुरवा निवासी अपना साला अंबेकेश्वर दुबे को फोन कर बताया कि आपकी बहन फोन नहीं उठा रही है थोड़ा जाकर घर में पता कीजिए। जब अंबिकेश्वर दुबे विश्रामपुर के हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित क्वार्टर में पहुंचे कमरे में बंद अपनी बहन को आवाज दी तो बहन के रूम से कोई आहट न मिलने पर अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर किसी तरह से दरवाजा का खोला तो पाया कि उनकी बहन अपने चुन्नी से घर में लगा पाइप में फांसी का फंदा बनाकर अपनी लीला समाप्त कर ली। इस खबर से पूरा पुलिस महकमा सहित शिक्षा परिवार में शोक की लहर दौड़ गई ।घटना बीते रात्रि 9 बजे की बताई जा रही है ।आज गमगीन माहौल में सूरजपुर मुक्तिधाम में शिक्षिका साधना तिवारी की अंतिम विदाई दी गई। बताया जाता है कि शिक्षिका साधना तिवारी मृदुभाषी एवं मिलन सार थी तथा विश्रामपुर के शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ थी।

# बालको के विभिन्न पहल से सुरक्षित कार्यस्थल संस्कृति को मिल रहा बढ़ावा



**कोरबा(विश्व परिवार)।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया। यह प्रशिक्षण कर्मचारियों को सीपीआर, सामान्य घाव की देखभाल और आपात स्थितियों के प्रबंधन सहित आवश्यक जीवन रक्षक कौशल सीखाने पर केंद्रित था। चिकित्सा विशेषज्ञों ने सत्र का नेतृत्व किया जिसमें विभिन्न विभाग के कर्मचारी और व्यावसायिक साझेदारो ने भाग लिया जिसमें लगभग 160 कर्मचारी शामिल हुए। प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के अलावा कंपनी ने कर्मचारियों के लिए सीपीआर और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रशिक्षण आयोजित किया। प्रशिक्षण को अनिवार्य रूप से जीवन रक्षक कौशल प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था। कार्यक्रम आपात स्थितियों से निपटने के लिए प्रभावी कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) करने पर ध्यान केंद्रित था। प्रशिक्षण का उद्देश्य सुरक्षा को बढ़ाना, आपात स्थिति में प्रतिक्रिया समय को कम करना और आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयारी सुनिश्चित करना था जो सुरक्षित कार्यस्थल वातावरण में योगदान देता है। इसके अलावा दो दिवसीय हाइड्रोलिक्स प्रशिक्षण सत्र कार्बन विभाग के कर्मियों को सुरक्षित और कुशल संचालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस सत्र का नेतृत्व पार्कर हॅनिफिन कॉर्पोरेशन के श्री सुनील हाजिरनिस ने किया। हाइड्रोलिक्स को संभालने में उनका 35 से अधिक वर्षों का अनुभव हैं। विभाग के 20 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण लिया। सुरक्षित कार्यस्थल की संकल्पना को सुनिश्चित करते हुए सभी ने हाइड्रोलिक्स संबंधित सुरक्षा की सभी बारीकियों को सीखा। बालको ने समुदाय की 60 से अधिक महिलाओं के लिए सड़क सुरक्षा कार्यशाला आयोजित किया। कार्यशाला सड़क के संकेतों को समझने एवं सीट-बेल्ट और हेलमेट के महत्व पर केंद्रित था। सत्र को प्रश्नोत्तरी समापन के साथ व्यावहारिक कौशल से लैस करते हुए प्रशिक्षण की प्रभावशीलता सुनिश्चित की गई। बालको की मासिक सुरक्षा अभियान 'सुरक्षा संकल्प' का आयोजन विभिन्न विभागों में किया गया। 'वाहन सुरक्षा और ड्राइविंग' पर आधारित कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों के बीच सुरक्षित ड्राइविंग प्रथाओं और उचित वाहन रखरखाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। कंपनी के जीरो हार्म की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए दैनिक संचालन में सुरक्षा प्रोटोकॉल के महत्व से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी कर्मचारियों के बीच सुरक्षा जागरूकता बढ़ाना है जो सुरक्षित कार्यस्थल बनाए रखने के लिए बालको की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सहायक उप निरीक्षक की धर्मपत्नी शिक्षिका ने फांसी लगाकर अपनी लीला समाप्त की



**सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)** चांदोरा पुलिस थाना में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक वरुण तिवारी की पत्नी साधना तिवारी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उक्त संबध में बताया जाता है कि वरुण तिवारी चंदौरा पुलिस थाना में ड्यूटी पर थे ।पत्नी एवं शिक्षिका साधना तिवारी 42 वर्ष नवरात्रि में व्रत रखी थी तथा तीन दिनों से उपवास थी उन्होंने अपने घर का पालतू कुत्ता पवित्रता को ध्यान में रखते हुए पड़ोसी यहां कुछ दिन के लिए रखी थी परंतु छोटा पुत्र एक्स ने जिद कर पड़ोसी के यहां से अपना कुत्ता लेकर घर आ गया जिस पर शिक्षिका साधना तिवारी इस आशय की सूचना अपने पति वरुण तिवारी को दी तथा गुस्से में अपने छोटे पुत्र अक्ष को एक रूम में बंद कर दी तथा दूसरे रूम में अपनी चुन्नी में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली बताया जाता है कि सहायक उप निरीक्षा के अपने धर्मपत्नी को बार-बार फोन कर कर रहे थे परंतु कोई जवाब न मिलने पर ग्राम कुरवा निवासी अपना साला अंबेकेश्वर दुबे को फोन कर बताया कि आपकी बहन फोन नहीं उठा रही है थोड़ा जाकर घर में पता कीजिए। जब अंबिकेश्वर दुबे विश्रामपुर के हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित क्वार्टर में पहुंचे कमरे में बंद अपनी बहन को आवाज दी तो बहन के रूम से कोई आहट न मिलने पर अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर किसी तरह से दरवाजा का खोला तो पाया कि उनकी बहन अपने चुन्नी से घर में लगा पाइप में फांसी का फंदा बनाकर अपनी लीला समाप्त कर ली। इस खबर से पूरा पुलिस महकमा सहित शिक्षा परिवार में शोक की लहर दौड़ गई ।घटना बीते रात्रि 9 बजे की बताई जा रही है ।आज गमगीन माहौल में सूरजपुर मुक्तिधाम में शिक्षिका साधना तिवारी की अंतिम विदाई दी गई। बताया जाता है कि शिक्षिका साधना तिवारी मृदुभाषी एवं मिलन सार थी तथा विश्रामपुर के शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ थी।

### रायपुर में ईलाज के दौरान सेवानिर्वित कालरी कर्मचारी कृष्णा सिंह की मौत

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** विश्रामपुर शिवनंदनपुर ( शांतिनगर) निवासी कृष्ण सिंह का अचानक तबीयत खराब हुआ जिसे रायपुर स्थित बालाजी हॉस्पिटल में दाखिला पिछले 25 सितंबर को कराया गया 5 दिन के उपरांत चिकित्सालय में हृदय का ऑपरेशन हुआ ।1 अक्टूबर को अचानक कृष्ण सिंह का तबीयत खराब होते चला गया और अंतत: उनकी मौत हो गई। 70 वर्षीय कृष्ण सिंह एसईसीएल बिश्रामपुर में माइनिंग सरदार के पद से सेवानिवृत्ति हुए थे । सेवानिवृत के दस वर्षों के बाद हृदय में तकलीफ होने पर रायपुर के बालाजी हॉस्पिटल में दाखिला कराया गया जहां सब ठीक-ठाक चल रहा था 25 सितंबर को एडमिट कराया गया 5 दिन के बाद ऑपरेशन हुआ और 1 अक्टूबर को इन्होंने चिकित्सालय में ही अंतिम सांस ली। स्वर्गीय कृष्ण सिंह विश्रामपुर के प्रतिष्ठित व्यवसायी निधि पुस्तक भंडार के संचालक रंजय सिंह, त्रिभुवन सिंह , रौशन सिंह के मामा श्री एवं संतोष सिंह, आशुतोष सिंह पुत्र सहित पुत्री रेशमा सिंह के पिता श्री थे। स्वर्गीय कृष्ण सिंह के अंतिम यात्रा में नगर के सजातीय एवं काफी संख्या में नगरवासी सम्मिलित हुए जहां रिहांद नदी के तट स्थित मुक्तिधाम में मुखानी जेष्ठ पुत्र ने दी।

### निधन : भूषण लाल अग्रवाल



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** शिवनंदनपुर के प्रतिष्ठित नागरिक भूषण लाल अग्रवाल का आज दुखद निधन हो गया। भूषण लाल अग्रवाल जी का आज सुबह आकस्मिक निधन से ग्राम मे शोक का वातावरण है आज इनका अंतिम संस्कार रिहंद नदी स्थित मुक्तिधाम में दोपहर 2:30 बजे किया गया । स्व भूषण लाल अग्रवाल अपने पीछे पुत्र राजेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल , विवेक अग्रवाल तीन पुत्र सहित भरा पुरा परिवार छोड़ गए है ।

### एक युवती का जला हुआ शव मिला

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबी चोटिया। जिले के पसान थाना अंतर्गत कोरबी चैकी से महज आधे किलोमीटर दूर चिरमिरी-कोरबी सड़क मार्ग से लगे हसदेव नदी डुबान पुल के पास कल कोरबी पुलिस ने एक युवती की जली हुई लाश बरामद की। चैकी प्रभारी अफसर हुसैन खान ने घटना स्थल पहुंच कर शव का पंचनामा तैयार कर उसके माता-पिता कोटगार , निवासी रामनारायण गोड़ को मौके पर बुला कर शव शिनाख्ती कराई गई तो पता चला कि युवती का नाम मिथलेश कुमारी गोंड 27 वर्ष है।

# संपादकीय


## विश्व शतरंज में.... भारत का दबदबा

शतरंज ओलम्पियाड में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में भारत ने स्वर्ण पदक जीत लिए, तो यह कोई संयोग नहीं है। बल्कि यह विश्व शतरंज में भारत की बनी ताकत का इज़हार है। शतरंज ओलम्पियाड में रविवार को भारत कामयाबी की जिस ऊंचाई पर पहुंचा, उचित ही उसकी तुलना 1983 में क्रिकेट विश्व कप में भारत के चैंपियन होने और ओलंपिक्स में 2008 में अभिनव बिंद्रा के भारत की ओर से पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने से की गई है। इस सफलता के साथ भारत की जो अन्य अभिनव उपलब्धियां याद आती हैं, उनमें 2021 में एथलेटिक्स में नीरज चोपड़ा का भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतना और 2022 में बैडमिंटन में पहली भारत का थॉमस कप जीतना शामिल है। वैसे इस सफलता का जिस उपलब्धि से सीधा संबंध है, वह साल 2000 में विश्वनाथन आनंद का विश्व शतरंज विजेता होना है। सीधा संबंध इसलिए क्योंकि आनंद की कामयाबी तब से भारत के तमाम शतरंज खिलाडि़यों के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है। उसके बाद शतरंज की ऐसी संस्कृति बनी और भारत में शतरंज प्रतिभाओं का ऐसा विस्फोट हुआ कि 2010 आते-आते देश के 23 खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर बन गए। आज ये संख्या 80 से ज्यादा हो चुकी है। पांच खिलाडि़यों को सुपर ग्रैंड मास्टर' का दर्जा मिला हुआ है। 25 टॉप खिलाडि़यों की विश्व रैंकिंग में भारत के पांच खिलाड़ी हैं। भारत के डी गुकेश इस वर्ष विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए चैलेंजर का दर्जा हासिल कर चुके हैं। अगले नवंबर में वे मौजूदा चैंपियन चीनी खिलाड़ी के साथ खिताब के लिए मुकाबला करेंगे। कहने का तात्पर्य यह कि शतरंज ओलम्पियाड में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में भारत ने स्वर्ण पदक जीत लिए, तो यह कोई संयोग नहीं है। बल्कि यह विश्व शतरंज में भारत की बनी ताकत का इज़हार है। वैसे भी ऐसी सफलताओं के लिए यह अनिवार्य होता है कि संबंधित देश के पास खिलाडि़यों की लंबी कतार हो। देश के अंदर प्रतिस्पर्धा का ऊंचा स्तर खिलाडि़यों में वह आत्म-विश्वास और धार प्रदान करता है, जिससे विश्व स्तर पर वे अनुपम उपलब्धि हासिल कर सकें। ये बात भी पूरे भरोसे के साथ कही जा सकती है कि ताजा सफलता यहीं तक सीमित नहीं रहने वाली है। बल्कि आने वाले वर्षों में विश्व शतरंज में भारत का दबदबा एक आम कहानी बन सकती है।

# बैठे बिठाए भाजपा को आक्सिजन...

**शकील अख़्तर**

ताजा प्रसंग हरियाणा का है। वहां कांग्रेसियों ने बैठे बिठाए भाजपा को आक्सिजन दे दी। टिकट बंट गए। लोगों ने नामांकन भर दिए। नाम वापसी की तारीख खतम हो गई फिर अचनानक कुमारी सैलजा को याद आया कि उनके गुट को टिकट कम मिले हैं तो वे जा कर कोपभवन में बैठ गईं। कांग्रेस हाईकमान और ज्यादा खुशामद में लग गया। खुद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दो बार सैलजा से मुलाकात की। उनके बर्थ डे पर खूब हंसते हुए जैसे उनके फोटो आमतौर पर दिखते नहीं मिठाई खिलाई। और मुख्यमंत्री पद का आश्वासन दिया। कांग्रेस में क्षत्रप कब पैदा होते हैं? तब जब हाईकमान कमजोर होता है। और क्षत्रपों के ताकतवर होने से क्या होता है? कांग्रेस एक के बाद एक चुनाव हारने लगती है। नेता का अच्छा होना, सरकार से नहीं डरना, आम लोगों से खूब घुलना मिलना अलग बातें हैं। ताजी हवा का झौंका भी है मगर अपनी पार्टी के लोगों से अपनी बात नहीं मनवा पाना, उनके छोटे-छोटे दबावों के सामने झुक जाना अच्छे नेतृत्व की निशानी नहीं है। भारत में नेता घोड़े वाला ही चलता है। नकेल डाले हुए अपने को दमदार दिखाता हुआ। हमारे यहां दुल्हे भी इसीलिए घोड़े पर बिठाकर, तलवार बांध कर, साफा पहने हुए पीछे बारात के साथ ही शोभायमान माने जाते हैं। दुल्हे में दम हो या ना हो मगर हाथ तलवार की मूठ पर ही रहता है। तलवार, घोड़ा और साफा शक्ति के प्रतीक माने जाते है। इसलिए नेता को भी शक्तिशाली दिखना पड़ता है। नरेंद्र मोदी क्यों कहते हैं कि 56 इंच की छाती! और राहुल को क्यों जवाब देना पड़ता है कि अब नहीं रही? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व प्रदर्शन और नेता विपक्ष राहुल गांधी के इसी को तोडऩे की कोशिश में ही राजनीति का सारा खेल है। ममता बनर्जी क्यों रणचंडी बनी रहती हैं? लालू यादव क्यों अपनी खराब सेहत के बावजूद बीच-बीच में आकर गरजते हैं? उद्धव ठाकरे जिनकी छवि एक सज्जन और विनयशील नेता की थी क्यों अब मोदी और अमित शाह को उन्हीं की भाषा में चैलेंज करते हैं ? और यूपी में अखिलेश यादव को क्यों अचानक बदले हुए रूप में सामने आना पड़ा? केवल और केवल जनता के सामने और उससे पहले अपनी पार्टी के बीच में दबंग दिखने के लिए। दबंग आज के समय



में खराब अर्थों में प्रयोग होने लगा हो मगर कभी तो न दबने वाले विद्रोहियों के लिए जो गलत लोगो के सामने खड़े होते थे उनके लिए प्रयुक्त होता था, बांके ! आज तो प्रचलन में नहीं रहा। मगर कभी दबंग के बदले बांके प्रयुक्त होता था। भगवतीचरण वर्मा की मशहूर कहानी दो बांके! इस पर बहुत फिल्में विल्में भी बनी हैं। गजब कहानी है। पढ़ कर देखिएगा। अब यह लिखने की तो जरूरत नहीं कि भगवतीचरण वर्मा बहुत बड़े लेखक थे। वैसे आजकल हालत यही हो गई है कि लोगों का पढऩे लिखने से नाता खतम करवा दिया गया है। सत्ता पक्ष में किसी का नाता साहित्य से नहीं है। जिस दिन सुषमा स्वराज ने वाजपेयी के मंत्री के रूप में राज्यसभा में सीपीआईएम की सदस्य सरला माहेश्वरी के प्रेमचंद को कोर्स से क्यों हटाया, के सवाल के जवाब में यह कहा था कि क्या प्रेमचंद, प्रेमचंद करते रहे हैं तो हम समझ गए थे कि यह साहित्य को भी नहीं बचने देंगे। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कुछ नहीं बोला। और हमें याद आ गया कि एक ऐसी प्रधानमंत्री थीं जिन्होंने महादेवी वर्मा क्या लिखती हैं, बोलने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री जगन्नाथ पहाडि़या को हटा दिया था। जी हां इन्दिरा गांधी ने 1981 में। तो कांग्रेस के नेता ऐसे होते थे। शक्तिशाली। आज तो कांग्रेसी राहुल के खिलाफ ही पता नहीं क्या बोल जाते हैं साजिश करते हैं मगर उनसे पूछने वाला भी कोई नहीं होता। पार्टी इसीलिए कमजोर हुई है। ताजा प्रसंग हरियाणा का है। वहां कांग्रेसियों ने बैठे बिठाए भाजपा को आक्सिजन दे दी। टिकट बंट गए। लोगों ने नामांकन भर दिए। नाम वापसी की तारीख खतम हो गई फिर अचनानक कुमारी सैलजा को याद आया कि उनके गुट को टिकट कम मिले हैं। हुड्डा के लोगों को ज्यादा मिले हैं। वे जाकर कोप भवन में बैठ गईं। जिस समय जनता के बीच में जाकर उनकी बात सुनना थी कि वे भाजपा सरकार से नाराज क्यों हैं उस समय वे टीवी स्टूडियो जा जाकर यह बताने लगीं कि वे कांग्रेस से नाराज क्यों हैं। पहले तो कहा गया कि हुड्डा समर्थकों ने उनके खिलाफ अपशब्द बोले। कौन हैं वह लोग? एक वीडियो सोशल मीडिया पर चलाया जा रहा है। जिसमें दो लोग एक कैमरे वाले के सामने कुछ बोल रहे हैं। उनका क्या नाम है? कांग्रेस में क्या स्थिति है? कुछ पता नहीं चल रहा। बस यह कहा जा रहा है कि हुड्डा समर्थक हैं। इसी बात पर पूर्व मुख्यमंत्री खट्टर ने उन्हें भाजपा में आने का निमंत्रण दे दिया। मायावती द्वारा अपना उत्तराधिकारी घोषित अनिल आनंद ने इसे दलितों का अपमान बताकर उन्हें बसपा में आने का न्योता दे दिया। मतलब पूरे हरियाणा में कोहराम मचा दिया गया। कौआ कान ले गया ङ्क ङ्क ङ्क कान ले गया का शोर हो गया। हुड्डा को भी अपनी सफाई देना पड़ी कि हमारे किसी समर्थक ने ऐसा नहीं किया है। और अगर कुछ पता चलेगा तो कार्रवाई होगी। अब वह कौन थे क्या थे किसी को पाता नहीं चला। चुनाव के टाइम में कौन क्या बोलता है किसी को मालूम नहीं पड़ता। कौन किस का समर्थक बन जाता है यह भी नहीं। तो यह मुद्दा नहीं चला। तो सैलजा और सुरजेवाला मुख्यमंत्री का मुद्दा ले आए। यहीं कांग्रेस हाईकमान को पूछना था कि भाईसाहब, बहन जी क्या पूरा कब्र में ही उतार कर मानोगे? मगर उल्टा कांग्रेस हाईकमान और ज्यादा खुशामद में लग गया। खुद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दो बार सैलजा से मुलाकात की। उनके बर्थ डे पर खूब हंसते हुए जैसे उनके फोटो आमतौर पर दिखते नहीं मिठाई खिलाई। और मुख्यमंत्री पद का आश्वासन दिया। प्रसंगवश बिना हंसे मुस्कराए फोटो मनमोहन सिंह के भी आते थे। मगर वह भावहीन चेहरा होता था। खरगे जी का फेस मोदीजी जैसा आता है। चेहरे पर बेजारी के भाव। मनमोहन मिल कर कितने खुश हैं इसको भारीपन से छुपा पाते थे। यह दोनों मिलते हुए कितने उदासीन हैं। कष्ट में हैं यह इनका चेहरा बताता है। खैर किसी से भी मिलकर खुशी का इजहार अच्छी बात है। मगर बीच चुनाव में अनुशासनहीनता को बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी शायद ही इस समय कंगना रनौत से मिलें। और मिले भी तो डांट लगाएंगे। कि इस चुनाव के समय किसान बिल वापस लाने की बात कहने की क्या जरूरत थी? कंगना ने बीजेपी का नुकसान किया। मगर उसी लाइन पर जहां पहले से हो रहा है। किसान के मुद्दे पर हरियाणा का पूरा चुनाव आ गया है। उसमें जितना नुकसान होना था सब हो गया। अब उससे ज्यादा नहीं हो सकता। मगर सैलजा ने जो कांग्रेस का नुकसान किया है वह बिल्कुल नए क्षेत्र में। दलितों के बीच। जो हरियाणा में कांग्रेस के साथ थे। उनके मन में शक के बीज डाल दिए। दलितों का इसी तरह मायावती उपयोग करती हैं। दलित की बेटी का अपमान। दलितों के लिए कुछ ठोस करने के बदले, मोदी सरकार ने सरकारी नौकरियों में भर्ती बंद करके उनका आरक्षण का लाभ खतम कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कोटे में कोटा का फैसला देकर एक नई स्थिति को जन्म दे दिया। जिस पर बात करने के लिए आज तक मोदी सरकार ने सर्वदलीय बैठक तक नहीं बुलाई। न ही किसी पक्ष की शंकाओं का समाधान किया।लेकिन इन सब पर बात करने के बदले वे दलित भावनाओं का राहुल गांधी के खिलाफ भड़काने में लगी रहती हैं। वैसे ही इस समय सैलजा द्वारा नाराज होने फिर बड़े अहसान के साथ गुरुवार 26 सितंबर से चुनाव प्रचार करने के लिए तैयार होने के पूरे एपिसोड ने भी बेवजह दलितों के मन में कई सवाल खड़े कर दिए। यह कांग्रेस हाईकमान को सोचना है ।

## आलेख

# राजनैतिक दलों के बिगड़े बयान, क्यों? कैसे रुके?

**अजय दीक्षित**

इधर कुछ दिनों से भारत के राजनैतिक दल एक दूसरे के हर काम की समीक्षा करते हुए दूसरे दलों की आलोचना करते हैं । यह ऐसा ही है मानों हम अपने पड़ौसी के घर बने खाने की ताक-झांक करते हैं और कहें कि इन्होंने भिण्डी की सब्जी क्यों बनाई? या इन्होंने दाल मसूर की क्यों बनाई? अब यह आपके पड़ौसी के घर का मामला है, आपको इससे क्या लेना ! अब आतिशी के दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने पर कांग्रेस और अन्य दल अनेक प्रकार की बयानबाजी कर रही है । अभी लोकसभा चुनाव में आप पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया था । कन्हैया कुमार तो सुनीता केजरीवाल से भी मिला था । विगत सम्बन्धों को देखते हुए कुछ तो संयम और मर्यादा बरतनी चाहिए । भाजपा के प्रवक्ता तो अब जरा जरा सी बात पर सभी गैर भाजपा पार्टी पर बिफर पड़ते हैं । अरे, अगर भाजपा को दिल्ली जीतनी है तो जनता के पास जायें । पिछले दो चुनाव में कांग्रेस को तो दिल्ली विधानसभा में एक भी सीट नहीं मिली और भाजपा को एक बार मात्र तीन और दूसरी बार छ: या सात सीटें मिलीं । असल निर्णायक जनता होती है । शायद भाजपा के प्रवक्ता समझते हैं कि सभी विपक्षी पार्टियों की आलोचना करने पर मोदी जी खुश हो जाएंगे । आजकल संबित पात्रा नहीं दिखलाई पड़ते । 2019 के लोकसभा चुनाव में वे पुरी(उड़ीसा) से हार गये थे । इस बार जीत गये परन्तु इसका बड़ा कारण यह था कि कांग्रेस की महिला प्रत्याशी ने चुनाव के लिए प्रचार किया ही नहीं । उन्होंने अपना नाम भी वापस नहीं लिया और चुनाव लड़ा भी नहीं । शायद संबित पात्रा उड़ीसा के मुख्यमंत्री बनना चाहते हों या केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जगह । अब भाजपा के प्रवक्ता कह रहे हैं कि आतिशी के माता-पिता अफजल गुरु का साथ दे रहे थे । अब अफजल गुरु की फांसी को मेहबूबा मुफ्ती भी ग़लत बतलाती हैं जिसके साथ भाजपा ने मिलकर कश्मीर में सरकार बनाई थी ।

इधर राहुल गांधी के बारे में भाजपा प्रवक्ता, महाराष्ट्र के मंत्री आदि ऐसी-ऐसी बातें कह रहे हैं जो कानून का खुला उल्लंघन है । परन्तु इस पर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व कुछ नहीं बोल रहा है । स्वयं स्वयं प्रधानमंत्री जी ने कहा है कि कांग्रेस को भी उनके गणेश पूजन पर भी आपत्ति है । असल में मुद्दा यह है कि प्रधानमंत्री गणेश उत्सव पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के घर गये थे । वहां शायद पूजन चल रहा होगा तो उन्होंने उस पर भाग ले लिया । इस पर किसी को क्या आपत्ति हो सकती है । असल प्रश्न है प्रशासन और जुडीशियरी का अलग-अलग रहना । कोई यह नहीं कह रहा है कि प्रधानमंत्री कहीं जा नहीं सकते । वे देश के सर्वोच्च नेता हैं । उन पर कोई पाबंदी नहीं लगा सकता । परन्तु अच्छा होता कि मुख्य न्यायाधीश के घर न जाकर उनसे कहीं और किसी मीटिंग में मिल लेते । अब कहते हैं कि मनमोहन सिंह की इफ्तार पार्टी में भी तो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश गये थे । शायद यह भी ठीक नहीं कहा जा सकता । अपना नाम घोषित नहीं करने की शर्त पर अनेक रिटायर्ड जजों का कहना है कि चाहे शिष्टाचारवश ही क्यों न हो जुडिशरी और प्रशासन के मुख्य प्रमुख गैर सार्वजनिक अवसरों पर न मिलें । सुप्रीम कोर्ट में बहुत से मुकदमे केन्द्रीय सरकार के विरुद्ध भी होते हैं ।

असल में आज के प्रधानमंत्री और आज के मुख्य न्यायधीश इतने सच्चे और कर्तव्य परायण हैं कि उन पर शक करना बहुत गलत है और शिष्टाचार के भी विरुद्ध है । फिर भी न्याय कहता है कि न्याय होतेभी दिखलाई पडऩा चाहिए । यदि यह सिद्धांत मान्य हो तो फिर दोनों का मिलना नहीं होना चाहिए । परन्तु चाहे पक्ष हो या विपक्ष ऐसी बातों को हवा देना बिल्कुल ग़लत है । अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का यह मतलब नहीं है कि कोई प्रधानमंत्री या मुख्य न्यायाधीश पर कोई टिप्पणी करें । हम दैनिक अजय भारत इस मुद्दे पर कुछ भी नहीं कहना चाहते । केवल कहते हैं कि प्रवक्ताओं को संयम बरतना चाहिए ।

# टेंशन लेने का नहीं-देने का

**रजनीश कपूर**

मुन्ना भाई एमबीबीएस' का एक डायलॉग काफ़ी हिट हुआ था जिसमें वो हर किसी को न घबराने की सलाह देते हुए कहते थे टेंशन लेने का नहीं-देने का'। एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करने वाली 26 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट ऐना मात्र चार महीने की नौकरी में यह दबाव इतना बढ़ गया कि इस दबाव ने ऐना की जान ले ली।ज् हर युवा व वरिष्ठ कर्मचारी को मुन्ना भाई एमबीबीएस' फ़िल्म से सीख लेते हुए टेंशन न लेने' की आदत डाल लेनी चाहिए। संजय दत्त की बहुचर्चित फ़िल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस' का एक डायलॉग काफ़ी हिट हुआ था जिसमें वो हर किसी को न घबराने की सलाह देते हुए कहते थे टेंशन लेने का नहीं-देने का'। परंतु शायद उस फ़िल्म में दिये गये संदेश को कुछ लोग गंभीरता से नहीं ले सके। इसीलिए वे मामूली से तनाव को इतना बढ़ा लेते हैं कि वह कभी-कभी जानलेवा भी साबित हो जाता है। इस फ़िल्म ने कठिन परिस्थितियों को गंभीरता से न लेने की सलाह दी। परंतु आजकल के वर्क प्रेशर' व प्रतिस्पर्धा के चलते हर दूसरा व्यक्ति तनाव में दिखाई देता है। इस तनाव का असर न सिर्फ़ उसकी सेहत पर पढ़ता है बल्कि उसके पारिवारिक जीवन में भी तनाव पैदा हो जाता है। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर पुणे की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम करने वाली 26 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट ऐना सेबेस्टियन की माँ की चिट्ठी काफ़ी चर्चा में रही। भारत में इस कंपनी के अध्यक्ष को लिखे अपने पत्र में ऐना की माँ ने इस बात का उल्लेख किया कि किस तरह उनकी पुत्री पर कंपनी ने काम का दबाव बनाया हुआ था। मात्र चार महीने की नौकरी में यह दबाव इतना बढ़ गया कि इस दबाव ने ऐना की जान ले ली। इस दबाव का एक स्पष्ट उदाहरण तब भी दिखा जब ऐना के अंतिम संस्कार में कंपनी में काम करने वाले सहकर्मी भी नहीं पहुँचे। जैसे ही ऐना की माँ का यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, वैसे ही इस बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम कर चुके पूर्व कर्मचारियों ने अपने भयानक अनुभव भी साझा किए। जैसे ही मामले ने तूल पकड़ा वैसे ही कंपनी की ओर से वर्क प्रेशर' का खंडन किया गया। इसके साथ ही सरकार ने भी इस मामले में जाँच बैठा दी है। ऐना की मृत्यु ने आज के कॉर्पोरेट जगत में कई सवाल खड़े कर दिये हैं। इस दुखद घटना के बाद कई तरह की प्रतिक्रियाएँ भी आ रही हैं। दरअसल वर्क प्रेशर' के बढ़ते हुए तनाव के कारण दुनिया भर से ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं जहां प्रतिस्पर्धा की दौड़ में आगे रहने के चलते कई लोगों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। चीन में एक व्यक्ति ने लगातार 104 दिनों तक बिना किसी छुट्टी के काम किया और अंतत: शरीर के कई अंगों की विफलता के कारण उसकी मौत हुई। वहाँ की अदालत ने उस व्यक्ति की कंपनी को उसकी मौत का 20 प्रतिशत तक ज़िम्मेदार ठहराया। वहीं अमरीका के एक बैंक कर्मचारी की मृत्यु का कारण भी उसके काम का दबाव ही बना। ऐसे अनेकों उदाहरण हैं जहां कर्मचारियों से अधिक काम करवाने के चलते ऐसे हादसे हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आँकड़ों के अनुसार दुनिया भर में काम के दबाव व तनाव के चलते प्रतिवर्ष क़रीब 7.50 लाख लोगों की मृत्यु होती है। ऐसा इसलिए होता है कि अधिक काम करने का सीधा प्रभाव आपकी सेहत पर पड़ता है। काम का तनाव लेने से मनुष्य में हृदय रोग, डायबिटीज़ व स्ट्रोक जैसी घातक बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है। इतना ही नहीं आज के सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में जब हम घंटों कंप्यूटर के सामने बैठ कर काम करते हैं तो हमारे जोड़ो में जकडऩ, कमर में दर्द, सरदर्द, आँखों में थकान, जैसे प्रारंभिक लक्षण भी दिखाई देते हैं। तनाव के चलते हमारे शरीर में ऐसे रसायन पैदा हो जाते हैं जो रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल को भी बढ़ा देते हैं। इसलिए हम चिड़चिड़े भी हो जाते हैं। तनाव के चलते जब गाड़ी चलाकर हम अपने दफ़्तर से घर या घर से दफ़्तर जा रहे होते हैं तो ऐसे में दुर्घटना होने की संभावना भी बढ़ जाती है। मोबाइल फ़ोन और ईमेल के चलते हम हर समय अपने काम से जुड़े रहते हैं इसलिए हमें काम से आराम नहीं मिल पाता। ऐसे तनाव का सीधा अनुभव आपको उस समय होता होगा जब आपके मोबाइल पर आपके बॉस का फ़ोन बजता होगा। आप यदि अपने घर पर हों और परिवार के साथ समय बिता रहे हों, तभी आपके बॉस का फ़ोन बजे तो आपके चेहरे पर एक अजीब से तनाव की झलक मिल जाती है। ऐसे में पारिवारिक सुख को भी झटका लगता है। जानकारों के अनुसार, सप्ताह में 55 घंटे या उससे अधिक काम करने वालों में तनाव बढऩे की संभावना अधिक होती है। यह तनाव अन्य बीमारियों को बढ़ावा देता है। परंतु इसका मतलब यह नहीं है कि आपको कामयाब होने के लिए कम मेहनत करनी चाहिए। बिना मेहनत के किसी को कामयाबी नहीं मिलती। इसलिए हमें परिश्रम और अतिश्रम के बीच एक को चुनना चाहिए। परिश्रम किया जाए तो एक सीमा के तहत ही किया जाए। आपको अपने शरीर की क्षमता अनुसार ही काम करना चाहिए। समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जाँच भी करवाते रहना चाहिए। इसके साथ ही नियमित रूप से तनाव-मुक्ति के कई साधन, जैसे योगा, ध्यान, भजन, मनोरंजन आदि का भी सहारा लेना चाहिए। वहीं अगर इम्प्लॉयर की बात करें तो उन्हें भी अपने लक्ष्य की पूर्ति के चलते कर्मचारियों पर दबाव बनाना पड़ता है। परंतु यह दबाव भी एक सीमा तक ही दिया जाए। आज हमारे समाज को काम और आराम के बीच एक संतुलन बनाने की ज़रूरत है। वरना ऐना सेबेस्टियन जैसे कई और होनहार कर्मचारियों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ेगा।

# अब बंदरगाहों से निर्यात बढऩे का दौर...

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

हम उम्मीद करें कि हाल ही में 19 सितंबर को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बंदरगाहों से निर्यात बढ़ाने के लिए जो महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, उनके कारगर क्रियान्वयन पर शुरू से ही ध्यान दिया जाएगा। हम उम्मीद करें कि वधावन देश के सबसे बड़े कंटेनर बंदरगाह के रूप में भारत के समुद्री व्यापार की नई धुरी बनेगा और भारत की आर्थिकी मजबूत होगी हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बढ़ते विदेश व्यापार घाटे, लाल सागर में बढ़ते संकट और कंटेनरों की किल्लत की चिंताओं के बीच बंदरगाहों से विदेश व्यापार बढ़ाने और निर्यातकों की सहायता के लिए अहम फैसले लिए हैं। इन फैसलों के तहत शिपिंग कॉरपोरेशन बड़े कंटनेर जहाज चलाएगी। बंदरगाह शुल्क में कटौती की जाएगी तथा निर्यात की खेपों को जल्दी भेजने के लिए प्रक्रिया में तेजी के उपाय शामिल हैं। पिछले दिनों 16 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर नए तूतीकोरिन अंतरराष्ट्रीय कंटेनर टर्मिनल का उद्घाटन करते हुए अपने संदेश में कहा कि यह टर्मिनल भारत के मरीन इंफ्रास्ट्रक्चर का नया सितारा है। इस नए टर्मिनल से वीओ चिदंबरनार पोर्ट के सामर्थ्य में भी विस्तार होगा। खास बात यह भी है कि बंदरगाह से निर्यात बढ़ाने के नए फैसलों से देश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के निर्यात भी बढ़ेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक देश दुनिया की खाद्य टोकरी बनता जा रहा है और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में अब निर्यात लागत घटने के कारण खाद्य प्रसंस्करण निर्यात और बढ़ेंगे। उल्लेखनीय है कि इस समय देश के वैश्विक व्यापार को बढ़ाने और निर्यात के ऊंचे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बंदरगाहों के आधुनिकीकरण के साथ उन्हें समुद्री व्यापार के लिए प्रतिस्पर्धी बनाने की रणनीति के साथ तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। विगत 30 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76000 करोड़ रुपए की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वधावन देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह होगा। इस परियोजना का उद्देश्य भारत में एक विश्व स्तरीय समुद्री प्रवेश द्वार स्थापित करना है, जो बड़े कंटेनर जहाजों की जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि वधावन बंदरगाह भारत के सबसे बड़े गहरे पानी के बंदरगाहों में से एक होगा। यह अंतरराष्ट्रीय नौवहन मार्गों को सीधा संपर्क प्रदान करेगा,



जिससे पारगमन समय और लागत कम होगी। यह बंदरगाह भारत की समुद्री कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा और वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगा। गौरतलब है कि भारत की 7517 किमी लंबी समुद्री तटरेखा है, जो 9 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों को समाहित करती है। देश के विशाल समुद्र तटों पर, 13 प्रमुख बड़े और 212 छोटे बंदरगाह हैं। बड़े बंदरगाहों में पूर्वी तट पर हल्दिया, पारादीप, विशाखापट्टनम, कामराज, चेन्नई, तूतीकोरीन और पोर्ट ब्लेयर हैं। पश्चिमी तट पर कोचीन, न्यू मैंगलोर, मोरमुगांव, जवाहरलाल नेहरू, कांडला और मुंबई बंदरगाह हैं। भारतीय बंदरगाह अपनी समृद्ध ऐतिहासिक विरासत और वैश्विक व्यापार के लिए शताब्दियों से महत्वपूर्ण बने हुए हैं और बंदरगाहों से विदेश व्यापार लगातार बढ़ता गया है। इस समय भारत का मात्रा के हिसाब से 95 फीसदी और मूल्य के हिसाब से 70 फीसदी व्यापार बंदरगाहों के माध्यम से होता है। नि:संदेह अंतरराष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार होने के कारण भारतीय बंदरगाहों ने समुद्री (तटीय) राज्यों को देश में औद्योगिक विकास के मद्देनजर पसंदीदा स्थल बना दिया है। परिवहन संबंधी न्यूनतम बाधाओं के साथ-साथ लॉजिस्टिक लागत में कमी बंदरगाहों के निकटवर्ती क्षेत्रों में औद्योगिक विकास को बढ़ाने वाला प्रमुख कारण है। निश्चित रूप से पिछले एक दशक में भारत अपने बंदरगाहों को समुद्री व्यापार की धुरी बनाने के लिए लगातार रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। निजी बंदरगाहों को प्रोत्साहन दिया गया है। भारत कार्गो और जहाजों को संभालने में अपनी दक्षता में सुधार करने के उद्देश्य से अपने बंदरगाहों का तेजी से आधुनिकीकरण कर रहा है। वर्ष 2015 में सागरमाला कार्यक्रम के लॉन्च होने के बाद से बंदरगाह के नेतृत्व वाले विकास को महत्वपूर्ण प्रोत्साहन मिला है। मार्च 2022 तक सागरमाला कार्यक्रम के लिए 5.40 लाख करोड़ रुपए की निर्धारित लागत वाली कुल 802 परियोजनाओं में से 1.12 लाख करोड़ रुपए की 221 परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं, जबकि 4.28 लाख करोड़ रुपए की 581 परियोजनाएं विकास के विभिन्न चरणों में हैं। वर्ष 2021 में लॉन्च किए गए पीएम गति-शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के माध्यम से विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को गति प्रदान की जा रही है। पीएम गति-शक्ति मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी परियोजनाओं की समन्वित योजना और निष्पादन पर केंद्रित है जिसमें बंदरगाह भी शामिल हैं। ज्ञातव्य है निजी भागीदारी बंदरगाह आधारित विकास की मुख्य रणनीति है। इस संबंध में 100 करोड़ रुपए से अधिक निवेश की सभी परियोजनाएं नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी) के तहत सूचीबद्ध हैं।

## तेरी सूरत से मिलती नहीं किसी की सूरत है, मैं जहां में तेरी तस्वीर लिये फिरता हूं : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** तेरी सूरत से मिलती नहीं किसी की सूरत है, मैं जहां में तेरी तस्वीर लिये फिरता हूं, भगवान का रुप सौन्दर्य अपने स्वरुप सौन्दर्य की ओर ले जाता है जो राग का प्रतीक न होकर बैराग्य की ओर होता है। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने भक्तामर महाकाव्य की विवेचना करते हुये व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आजकल रुप की ओर आकृषित होंने बाले लोग बहूत है, अपने स्वरूप की ओर देखने बाले बहूत कम है मुनि श्री ने कहा कि लोक में सुंदर रुप ही आकृषण है, जंहा प्यार शरीर से किया जाता है वंहा मात्र देह का आकृषण होता है उन्होंने कहा कि सुंदर लगने बाली चीजें भी असुंदर लगने लगती है लेकिन जंहा आत्मिक प्रेम होता है वंहा पर आल्हाद होता है और बंहा प्रेम बड़ता ही बड़ता है। भगवान के प्रति प्रेम में मात्र आकृषण ही नहीं आल्हाद है।अनिमेष विलोकनीय सुंदर कौन जो आल्हाद उत्पन्न करे जिससे काम क्रोध लोभ मोह बड़े वह असुंदर और जिससे काम क्रोध लोभ मोह शांत हो वह बास्तविक सौन्दर्य है। रूप सौन्दर्य के साथ आत्म सौन्दर्य को पहचानने बाला ही सच्चे अर्थों में सौन्दर्यानुभूति कराता है, जिसका इससे परिचय हो जाता है वह आत्मानुभूति कराता है। आकृषण मात्र शरीर का नहीं होता आकृषण त्याग तपस्या और वैराग्य का होता है जो हमें आंतरिक रुप से खींचता है। भगवान के दर्शन आंखें खोलकर करो आंखोंमें बसा लो और आंख कब बंद हो जाऐंगी पता ही नहीं लगेगा कबीरदास कहते है

नयनन की करी कोठरी, पुतली पलंग विछाय।
पलकन की चित्त डारके, पिय को लिये रिझाय। अपने प्रभु को रिझाना या प्राप्त करना है तो नयन पथ गामी बनो। जिसने एक बार आपका दर्शन कर लिया फिर उसे दूसरे के दर्शन करने की इच्छा नहीं होती। जिसने एक बार क्षीरसागर का जल पी लिया उसे फिर और कोई जल अच्छा नहीं लगता परमार्थ का सुख जो आनंद देता है उसे अन्य सुख अच्छा नही लगता मुनि श्री ने कहा कि कोई नयनों को चुराता है क्या? जिसने भगवान के पास जाकर एक आनंद की अनुभूति कर ली उसका ये धन ये दिवस धन्य हो जाता है। धर्म प्रभावना समिति के मीडिया प्रभारी राहुल जैन अध्यक्ष अशोक डोसी महोत्सव अध्यक्ष नवीन आनंद गोधा महामंत्री हर्ष जैन प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया प्रतिदिन प्रात:6 बजे से जैनम् की कक्षा मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज तत्पश्चात 7:30 से अभिषेक एवं शांतीधारा 8:30 से 9:30 बजे तक आचार्य मानतुंगाचार्य रचित भक्तामर पर विशेष व्याख्यान 9:45 बजे से मुनिसंघ की आहार चर्या 3 बजे 4 बजे तक समयसार का स्वाध्याय एवं 5:45 से 6:45 तक शंकासमाधान कार्यक्रम मोहताभवन रैसकोर्स रोड़ पर संपन्न हो रहे है।

**-अविनाश जैन**

## गुरू के उपदेश ही आत्मा को परमात्मा के पास जाने का साधन है : दिगम्बर जैनाचार्य श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव



**नांदणी ( विश्व परिवार )।** नांदणी मठ में, दिगम्बर जैनाचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी गुरुदेव ने धर्मसभा को संबोधन करते हुए कहा कि - अंतिम तिर्थेश वर्धमान स्वामी के शासन में हम सभी विराजते हैं। तीर्थंकर भगवान की पीयूष देशना जिनेंद्रवाणी जगतकल्याणी है। यह सर्वज्ञशासन, नमोस्तुशासन जयवन्त हो। जयवन्त हो वितरागी श्रमणसंस्कृती।

चर्या शिरोमणी आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी ने धर्मसभा में संबोधित करते हुए कहा की सागर की गहराई और पर्वत की ऊंचाई जगत प्रसिद्ध है पर इन से भी गहरा और ऊंचा कोई है तो वह गुरु का धर्म उपदेश होता है। गुरु के वचन आत्मा को परमात्मा के पास पहुंचाने के साधन है। अपने अमृत वचन में क्रोध का त्याग करने की सलाह दी एवं आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी ने कहा कि क्रोध के कारण ही रावण ने सीता मैय्या एवं दुर्योधन ने द्रौपदी का चीर हरण करने का प्रयास किया था।

दिगंबराचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी ने कहा कि गलती करने से पहले सोचना चाहिए कि, मुझसे गलती क्यों हुई। हम गलती नही करते तो अच्छा होता, में नरक जाने से तो बच सकता था। हम समाज को क्या दे रहे है, देश की संस्कृति की रक्षा एवं समृद्ध करने के लिए क्या कर रहे है इस बात का विचार करना चाहिए। पंच परमेष्ठी, जिनधर्म आदि के साथ नव देवताओं के प्रती भक्ती होनी चाहिए।

आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी ने मोबाईल का जिक्र करते हुए कहा कि, मोबाईल की शक्ति सीमित है। लेकिन मनुष्य का ज्ञान असीमित होता है। हमे मोबाईल, कम्प्यूटर पर आश्रित रहने की जरूरत नहीं। आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी ने कहा कि, मानव ने विश्व को गणित दिया, ज्योतिषशास्त्र, खगोल शास्त्र दिए। जिसका विश्व सदा आभारी रहेगा। विश्व में 84 लाख योनिया है, जो भटकते रहते है। यदि हम अच्छा कर्म करेंगे तो हमे नरक जाने की जरूरत नही होगी।

संस्कारित रहकर जीवन यापन करने को आचार्य श्री ने कहा एवं विश्व कल्याण से ही सभी का कल्याण होगा इस संकल्प के साथ काम करें ऐसा आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी ने सभी को संबोधित किया। दिगंबराचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी ने सभी श्रद्धालुओं को धर्म सभा में उपस्थित सभी श्रावक- श्राविकाओं को आशिर्वाद दिया।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू परिवार के साथ पहुंचे मां बम्लेश्वरी के दरबार



**दुर्ग ( आरएनएस )।** शुक्रवार को नवरात्र के दूसरे दिन प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू सपरिवार राजनांदगांव जिले के धर्म नगरी डोंगरगढ पहुंचे जहा उन्होंने विश्व प्रसिद्ध मां बम्लेश्वरी देवी की विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। डोंगरगढ में मीडिया से बात करते हुए पूर्व मंत्री ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से छत्तीसगढ़ में बनी हैं तब से कानून व्यवस्था बद से बदतर होते जा गई है। मीडिया सोसल मीडिया के माध्यम से जो जानकारी मिलती हैं उसके अनुसार घटना क्रम जितना तेजी से हो रहा है उसका मुकाबला नहीं किया जा सकता। 9 माह हुए हैं सरकार को प्रदेश में बैठे चाकूबाजी, चोरी, बलात्कार, नक्सली घटना बढ़ते क्रम में हैं। पिछली सरकार जब हमारी थी तो शुरू के 9 माह का आंकड़ा आप निकाल ले सामने नज़र आ जाएगा। सेन्ट्रल एजेन्सी रही है वहा से आंकड़ा निकाल ले ऐसा कोई दिन नही हैं जिसमें सामूहिक बलात्कार या अन्य घटनाएं ना हो रही हो। लॉ एन ऑर्डर की स्थिति बहुत ख़राब हैं आम जनता त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर 6 दिन का पैदल न्याय यात्रा निकाले हैं। 2 अक्टूबर को रायपुर पहुंचे हैं प्रदेश सरकार को जगाने के लिए ये यात्रा निकाले थे जो काफी हद तक सफल रहा।

### मुठभेड़ में 30 से ज्यादा नक्सली ढेर

**नारायणपुर ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा पर हुए पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में अब तक नक्सलियों को भारी नुकसान होने की खबर मिल रही है। फिलहाल 30 नक्सलियों के शव बरामद किये गये है किंतु बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में तीस से ज्यादा नक्सलियों की मौत हुई है। बता दें कि गुरूवार को जिला नारायणपुर/ दंतेवाड़ा से डीआरजी व एसटीएफकी संयुक्त पार्टी थाना ओरछा व बारसूर क्षेत्रांतर्गत ग्राम गोवेल, नेंदूर, व थुलथुली की ओर रवाना हुये थे। शुक्रवार को जवानों की टीम थुलथुली के जंगलों से होकर गुजर रही थी इसी दौरान नेंदूर - थुलथुली के जंगल में पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। जो कि अभी भी जारी है। बताया जाता है इस मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ है। जवानों ने तीस से ज्यादा नक्सली को ढेर कर दिया है हालांकि मुठभेड़ स्थल से अभी 30 नक्सलियों के शव बरामद किये गये है। इसके अलावा मौके से एके 47 सहित कई अन्य हथियार बरामद किये गये है। वहीं सर्च अभियान जारी है।

## विश्व के इतिहास में प्रथम बार आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज के सानिध्य में दस दिवसीय अखंड जिनसहस्त्रनाम पाठ, भगवत जिनेन्द्र महाअर्चना एवं मंत्रानुष्ठान महोत्सव का आयोजन



**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** दस दिवसीय अखंड जिनसहस्त्रनाम पाठ, भगवत जिनेन्द्र महाअर्चना एवं मंत्रानुष्ठान महोत्सव आयोजन श्री 1008 विघ्नहर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र कुलचारम, मेदक (तेलंगाना) प्रात: कालीन पूजन 24 तीर्थकर आराधना भव्य ध्वजा रोहण समस्त संघ सानिध्य मे संपन्न हुआ

अभिषेक शांतिधारा- विश्व इतिहास में प्रथम बार दस दिवसीय अखंड जिनसहस्त्रनाम पाठ, भगवत जिनेन्द्र महाअर्चना एवं मंत्रानुष्ठान महोत्सव का हुआ भव्य मंगल शुभ आरम्भ। आहारचार्य उपवास- गौ ग्रास सेवा, अष्टद्रव से गुरुपूजन विश्व इतिहास में प्रथम बार दस दिवसीय अखंड जिनसहस्त्रनाम पाठ, भगवत जिनेन्द्र महाअर्चना एवं मंत्रानुष्ठान महोत्सव कुलचाराम हैदराबाद की गई ईस अवसर पर आचार्य प्रसन्नसागर ने कहा कि आधी ज़िन्दगी गुजार दी हमने पढ़ते पढ़ते और स्वाध्याय करते करते और हमने सीखा क्या? सिर्फ एक-दूसरे को नीचा दिखाना। अब समय है खुद को बदलने का, स्वयं में परिवर्तन लाने का, लेकिन हमें ये कतई पसंद नहीं है। आज हम देखकर भी देखतें नहीं है। सुनकर भी नहीं सुनते हैं। पढ़कर भी कहाँ पढ़ते हैं। हम वही देखते हैं जो हमे देखना है। हम वही सुनते हैं, जो सुनना है, और हम पढ़ते भी वही हैं जो पढ़ना है। ग्रन्थों की बातें वयष्टि व समष्टि के लिए मंगलकारी है। दूसरों को प्रभावित करना, कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। ये काम तो डमरू बजा कर मदारी भी कर लेता है। महावीर भगवान का अमृत वचन है कि दुनिया को जीतने वाला सिर्फ वीर होता है, लेकिन अपने आप को मान, सम्मान, अपमान को जीतने वाला महावीर होता है। दूसरों को दर्पण दिखाने के पहले, स्वयं अपना मुँह एक बार दर्पण में देखें। दूसरों को प्रभावित करना आसान है, परन्तु स्वयं में, स्वयं से प्रभावित होना, बहुत कठिन काम है। विश्व में विजय पताकाएं गाड़ने वाला सम्राट सिकन्दर भी जीवन के अन्तिम क्षणों में, अनुभव करता था कि वह दुनिया को जीतकर भी अपने आप से हार गया। जिन्दगी में वो मुकाम हासिल करो, जहाँ लोग तुम्हें Block नहीं, Search करें।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## मुख्यमंत्री निवास में सामूहिक क्षमापना समारोह रविवार को



### जैन संतों के सानिध्य में मुख्य मंत्री निवास में पहली बार होगा क्षमावाणी का आयोजन

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास (सीएमआर ) में रविवार 6 अक्टूबर को सामूहिक क्षमापना समारोह होगा। इस आयोजन में राजधानी के विभिन्न जैन मंदिरों में चातुर्मास प्रवास कर रहे जैन संतों का सानिध्य मिलेगा।

ग्रेटर निगम के उप महापौर पुनीत कर्णावट ने विभिन्न जैन प्रतिनिधियों के साथ भट्टारक जी की नसियां में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि इस मौके पर आचार्य शशांक सागर महाराज सहित दिगम्बर एवं श्वेतांबर जैन संतो के सीएमआर में विशेष प्रवचन होगें।

सीएमआर एवं समाज बन्धुओं की ओर से सभी जैन संतों को आमंत्रित किया जा चुका है।

सुबह 9 बजे से शुरु होने वाले इस आयोजन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर जैन संतों की अगवानी करेगें। कार्यक्रम में जैन समाज के 450 से अधिक प्रबुद्ध जन शामिल होंगे।

पत्रकार वार्ता के मौके पर पुनीत कर्णावट के साथ जैन समाज के सुभाष चन्द जैन, मनीष बैद, प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा, अजय धांधिया, सुनील कोठारी, निर्मल नाहटा, ज्योति कोठारी, मनोज पाटनी, चेतन जैन निमोडिया सहित कई समाज बन्धु उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करें : अरुण साव

### उप मुख्यमंत्री ने पीएचई के कार्यों की समीक्षा की



**रायपुर ( आरएनएस )।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव ने आज लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर के नीर भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांवों में पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति के लिए भू-जल स्त्रोतों को रिचार्ज करने भू-जल संवर्धन के कार्य प्राथमिकता से करने को कहा। श्री साव ने 12 समूह जल प्रदाय योजनाओं के टेंडर में ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र सही नहीं पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने निविदा निरस्त कर निविदाकारों के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही करने को कहा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और जल जीवन मिशन के संचालक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने क्रेडा (CREDA) द्वारा स्थापित किए जा रहे सोलर पंपों के मापदण्डों का क्रेडा के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए चयनित तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेंसी के कार्यों को अलग से मॉनिटर करने को कहा। इन एजेंसीज द्वारा अच्छा कार्य करने से कार्यों की गुणवत्ता में निश्चित ही सुधार आएगा।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने जल जीवन मिशन के कार्य जहां पूर्ण हो चुके हैं, वहां योजना के प्रचार-प्रसार के साथ जल उत्सव का आयोजन करने को कहा। इससे अन्य गांव भी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उन्होंने विभाग के मैदानी अमले को लगातार कार्यस्थलों का भ्रमण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता पर नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूर्ण करने सभी अधिकारियों को फील्ड में निरंतर सक्रिय रहने को कहा।

## नगर निगम की सामान्य सभा में जोरदार हंगामा

**रायपुर ( आरएनएस )।** रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा में हंगामा हो गया जब भाजपा पार्षदों ने मेट्रो ट्रेन से जुड़े प्रश्नों को एजेंडा से हटाने के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा पार्षद एमओयू का विशाल बोर्ड लेकर पहुंचे और जवाब दो के नारे लगाए। यह हंगामा सात महीने बाद हुई सामान्य सभा की शुरुआत में ही शुरू हो गया। भाजपा पार्षदों ने मेट्रो ट्रेन पर चर्चा की मांग की और सभापति के सामने पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे को देखते हुए सभापति ने दस मिनट के लिए स्थगित कर दिया। लेकिन जब सामान्य सभा फिर से शुरू हुई, तो भाजपा पार्षदों ने फिर से हंगामा मचाना शुरू कर दिया। भाजपा पार्षद महापौर एजाज ढेबर से मेट्रो रेल को लेकर किए गए एमओयू पर जवाब की मांग कर रहे हैं। यह मामला रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा में गरमा गया है और भाजपा पार्षदों के विरोध प्रदर्शन ने सभा को हंगामाखेज बना दिया है।

## 80 लोगों ने सांसारिक जीवन छोड़ा और 51 दिन के लिए बन गए साधु

### रायपुर की दादाबाड़ी में उपधान तप का भव्य आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** करीब 150 साल पुरानी दादाबाड़ी में शुक्रवार को नया इतिहास रचा गया। पहली बार यहां उपधान तप का आयोजन हुआ, जिसे छत्तीसगढ़ समेत देश के कई राज्यों से तप करने पधारे हैं तपस्या तीन चरणों में हो रही है। पहले चरण में ही करीब 80 श्रावक-श्राविकाएं इस तप से जुड़ चुके हैं। अगले 6 अक्टूबर से दूसरे उपदान करने वाले शामिल होंगे आगे तप करने वालों की संख्या और बढ़ेगी।

पहले चरण में तप का हिस्सा बनने वाले तपस्वी 51 दिनों के लिए सांसारिक जीवन का त्याग कर साधु जीवन बिताएंगे। तप में हिस्सा लेने के लिए श्रद्धालु एक दिन पहले यानी गुरुवार को ही रायपुर पहुंच गए थे। शुक्रवार सुबह सूर्योदय से पहले स्वाध्याय के साथ 51 दिनों की महान तपस्या शुरू हुई। इसके बाद सुबह 8.30 बजे से श्री विनय कुशल मुनि म.सा. के सानिध्य में धर्मसभा लगी। डेढ़ घंटे के विशेष प्रवचन में विराग मुनि ने तपस्या के गुढ़ रहस्य बताते हुए कहा, यह क्रिया सांसारिक जीवन में अल्पविराम लेने जैसा है। इसके बाद जब आप वापस अपने परिवार, समाज के बीच लौटेंगे तो लोगों का आपके नए रूप से परिचय होगा। भाव से लेकर स्वभाव बदलने तक की सारी क्रियाएं इन 51 दिनों के भीतर करवाई जाएंगी। इस दौरान वे सभी तरह की भौतक सुख-सुविधाओं (मोबाइल, एसी, कार) से दूर रहेंगे। किसी साध की तरह पूरा दिन धर्म-ध्यान और साधना-आराधना में बिताएंगे।

**शरीर की नींद तोड़कर आत्मा को भी जगाना है- विराग मुनि :** प्रवचन सभा में विराग मुनि ने कहा, यह तपस्या आपकी सहनशीलता की परीक्षा लेगी। सारे काम तय समयसारिणी के अनुसार होंगे। सुबह ब्रहुममूहर्त से पहले उठना है, तो उठना है। शरीर की नींद तोड़कर हमें अपनी आत्मा को जगाना है। अगर आपको लगता है कि आप तपस्या नहीं कर सकते, तो पहले एक दिन तपस्या करके देखिए। थोड़े-बहुत प्रयास से ही यह आपके लिए आसान हो सकता है। कुछ ऐसे भी होंगे जो शारीरिक-मानसिक रूप से पुष्ट होने के बाद भी तपस्या नहीं करते, तो उन्हें अपने से छोटे बच्चों को देखना चाहिए। छोटे-छोटे बच्चे भी बड़ी-बड़ी तपस्याएं कर रहे हैं। तपस्या में मन नहीं लगने का एक और बड़ा कारण सांसारिक राग है। एक बार तपस्या करिए, सारे राग एक-एक कर छूटते जाएंगे।

**जैन धर्म में एकेंद्रीय की भी हत्या का निषेध, यहां तो पंचेद्रीय नहीं छूट रहे :** मुनिश्री ने कहा कि जैन साधु नहाने के लिए कभी पानी इस्तेमाल नहीं करते। कारण कि उनमें एकेंद्रीय जीवों का वास होता है। इससे उनकी हत्या होती है। आज वो दौर आ गया है कि लोग पंचेंद्रीय जीवों की हत्या से भी नहीं घबरा रहे। गर्भ में ही बच्चे को मार देते हैं। यहा महापाप है, जिसका दंड भी भयानक होगा। जीव हत्या से बचें। चाहे वह एकेंद्रीय हो या पंचेंद्रीय। जीवन में उदारता अपनाने की सीख देते हुए उन्होंने कहा, बहुत से कर्मचारी छुट् ?टी से आते ही बॉस से कह देते हैं, मेरी पगार से पैसे काट लेना। अगर आपके कर्मचारी भी ऐसा कहते हैं तो आपको अपने व्यवहार के बारे में सोचने की जरूरत है। उन्हें सुरक्षित और अपनापन महसूस कराएं। सुख-दुख में उनका साथ दें।

**12 भावों की सुनने, समझने व स्वीकार करने लायक व्याख्या :** आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि उपधान तप तीन चरणों में किया जा रहा है, जिसमें तपस्वी क्रमश- 51, 48 और 28 दिन तपस्या करेंगे। जो श्रद्धालु इस तपस्या में हिस्सा लेने चाहते हैं, वे दादाबाड़ी में रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। 6 अक्टूबर से वे भी तपस्या में जुड़ जाएंगे। रोज सुबह स्वाध्याय के बाद गुरु भगवंतों के श्रीमुख से 12 भावों की सुनने, समझने और व्यवहार में स्वीकार करने लायक व्याख्या की जाएगी। तपस्वियों के रहने, भोजन आदि का इंतजाम दादाबाड़ी में ही किया गया लाभार्थी। बुरड़परिवार। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट और आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के सदस्य तपस्वियों के लिए व्यवस्थाएं बनाने में लगातार भिड़े हुए हैं।

## न्याय यात्रा से हम जनता के मुद्दे उठाने में सफल रहे : दीपक बैज

**प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगड़ गयी है अपराधी बेलगाम हो गये, पदयात्रा से जनता को उम्मीद: भूपेश बघेल**

### पूरा कांग्रेस नेतृत्व एकजुटता से यात्रा में चले : डॉ. चरणदास महंत

### न्याय यात्रा ने जनता की तकलीफ को आगे रखा : टी.एस. सिंहदेव



**रायपुर ( आरएनएस )।** राजीव भवन में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कांग्रेस की न्याय यात्रा को जनता के जख्मों पर मरहम बताया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि पिछले 27 सितंबर से छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा की शुरूआत हुई और 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन राजधानी रायपुर में विराम हुआ। यह यात्रा बाबा गुरू घासीदास की तपोभूमि का दर्शन कर तमाम वरिष्ठ नेतागण, कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता ने छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा की शुरूआत की। पहले दिन 24 किमी की यात्रा तय कर कसडोल लवन में रात्रि विश्राम किया। दूसरे दिन लवन से शुरू कर रोहांसी तक 23 किमी की यात्रा तय किये। तीसरा दिन रोहांसी से शुरू कर भैसा तक लगभग 29.2 किमी से अधिक और चौथा दिन भैसा से शुरू कर सारागांव 24 किमी की सफर तय किया। पांचवा दिन सारागांव से सड्डू तक लगभग 18 किमी की यात्रा तय किया। इस तरह से लगभग 125 किमी से अधिक छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा क्षेत्र और जनता के बीच रहे। यात्रा निकलने से पहले प्रतिदिन सबेरे पत्रकार वार्ता फिर दोपहर भोजन के बाद पत्रकार वार्ता फिर चलते चलते वन टू वन चर्चाएं हुई, इस तरह से कुल 10 पत्रकारवार्तायें और 150 से अधिक वन टू वन या सिंगल बाईट हुई। इस पत्रकार वार्ता में तीसरे दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी पत्रकार वार्ता को संबोधित किये। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी पत्रकार वार्ता को संबोधित किये। धनेन्द्र साहू ने भी पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। हमारी यात्रा का मकसद सोई हुई सरकार को जगाने का था, जिस तरह से 9 से 10 महिने की सरकार पूरी तरह से छत्तीसगढ़ की जनता को सुरक्षित करने में विफल हुई। लगातार छत्तीसगढ़ में घटनायें घट रही है। अपराध बढ़ रहे है। अपराधियों का हौसला चरम पर है। ये सरकार लगातार अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। माता बहने सुरक्षित नहीं है, आश्रम छात्रावास में छोटी बच्चियां सुरक्षित नहीं है। पूरे प्रदेश में जनता के मन में डर और भय का माहौल बना हुआ है। प्रदेश की जनता दहशत में है। सरकार पर से जनता का भरोसा उठ चुका है। 10 महीने की भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता का भरोसा तोड़ दिया है। 6 दिन की यात्रा में हम जनता से मिले, उनसे चर्चा भी किये।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर शनिवार 05 अक्टूबर 2024



## संक्षिप्त समाचार

### धमतरी पुलिस द्वारा ग्राम बेधवापथरा में स्वच्छता अभियान

**धमतरी(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दुगली थाना स्टाफ ने ग्राम बेधवापथरा के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के बच्चों के साथ एक व्यापक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, बल्कि बच्चों को पर्यावरण और पेड़-पौधों के महत्व के बारे में भी शिक्षित करना था। स्वच्छता अभियान के तहत विद्यालय के बच्चों के लिए चित्रकारी, पेंटिंग, निबंध लेखन, और स्लोगन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें प्रेरणा मिली और उन्होंने स्वच्छता के महत्व को समझा। इस दौरान, बच्चों को पर्यावरण और पेड़-पौधों के जीवन में महत्व को समझाया गया। ट्रैफिक नियमों के बारे में भी जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। ग्रामवासी और दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के कर्मचारियों के सहयोग से एक पेड़ मां के नाम अभियान भी चलाया गया, जिससे बच्चों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश फैलाने में मदद मिली। इस सफल अभियान में थाना प्रभारी श्री टूमन लाल डडसेना, सउनि. प्रकाश नाग, प्रआर. पुरन साहू, आरक्षक गोकुल राम सिन्हा, घनश्याम साहू, वेद प्रकाश सूर्यवंशी, और काईश टंडन ने विशेष योगदान दिया। उनके प्रयासों ने न केवल बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि पूरे ग्राम को भी प्रेरित किया।

### सुरक्षाबलों-नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़

**सुकमा(विश्व परिवार)।** घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र सुकमा में डीआरजी, कोबरा और सीआरपीएफ के जवानों की संयुक्त टीम और नक्सलियों के बीच चिंतागुफा थाना क्षेत्र के कोर जोन चिंतावागु नदी के किनारे मुठभेड़ की सूचना है। सुरक्षा बल की संयुक्त टीम बोटलंका, एरनपल्ली और आसपास के इलाकों में अभियान के लिए रवाना हुए थे. इस दौरान नदी के किनारे नक्सलियों ने जवानों पर हमला कर दिया. फिलहाल दोनों ओर से रुक-रुक कर फायरिंग हो रही है. इलाके की सर्चिंग के बाद जवानों ने नक्सलियों का अस्थाई कैंप ध्वस्त कर दिया गया. इसके साथ ही मौके से नक्सली सामग्री और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है. फिलहाल सभी जवान सुरक्षित है. लगातार इलाके की सर्चिंग की जा रही है। सूत्रों की माने तो नक्सलियों की बटालियन के कोर इलाके में सुरक्षाबल के जवान घुसे। नक्सलियों की बटालियन का सबसे मजबूत इलाका कहा जाने वाला बोत्तलंका और इरापल्ली में जवानों का ऑपरेशन जारी है। फिलहाल मुठभेड़ में कुछ नक्सलियों को गोली लगने की भी खबर मिल रही है. इतना ही नहीं मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों ने जवानों पर बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) से हमला करने की भी कोशिश की है. डीआरजी, कोबरा और सीआरपीएफ जवानों लगातार नक्सलियों को करारा जवाब दे रहे हैं।

### देवभोग क्षेत्र के कुम्हड़ईखुर्द बना हर घर जल प्रमाणित गांव

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय से 120 कि.मी. की दूरी में स्थित विकासखण्ड देवभोग के ग्राम पंचायत कुम्हड़ईखुर्द में जल उत्सव का आयोजन कर ग्राम पंचायत सरपंच नीलेन्द्री रावत एवं सचिव अनंत राम नागेश द्वारा ग्राम कुम्हड़ईखुर्द को हर घर जल ग्राम घोषित किया गया। दरअसल कुम्हड़ईखुर्द गांव में घर-घर तक पीने के पानी उपलब्धता के लिए नल कनेक्शन पहुंचा दिया गया है। लोगों को घर तक पीने का पानी उपलब्ध हो रहा है। जिससे लोगों को पानी लाने के लिए लंबी दूरी नहीं जाना पड़ रहा है। इसके फलस्वरूप ग्रामीणों का जीवन खुशहाल हो गया है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री दीपक अग्रवाल के निर्देशन एवं कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन श्री विप्लव घृतलहरे के मार्गदर्शन में उड़ीसा की सीमा को छुता हुआ गांव कुम्हड़ईखुर्द में घर-घर तक नल जल पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किया गया। वनांचल क्षेत्र होने के कारण कुछ कठिनाई का सामना भी करना पड़ा। लेकिन जिला प्रशासन की लोगों की भलाई की मंशा से दूरस्थ वनांचल ग्राम कुम्हड़ईखुर्द में भी घर-घर तक नल कनेक्शन पहुंच गया है। पाइपलाइन के माध्यम से गांव के हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। घर घर में नल कनेक्शन लगने से गांव वाले काफी खुशहाल महसूस कर रहे है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कार्य पूर्ण होने पश्चात गांव के ग्राम पंचायत में हर घर जल उत्सव मनाने की तैयारी की गई। जिला मुख्यालय से पहुंची टीम ने गांव में घुमकर स्टैंड पोस्ट पाइपलाइन व जल स्त्रोत का निरीक्षण किया। सरपंच नीलेन्द्री रावत को संबंधित जानकारी पढ़कर सुनाया तो वहीं इंजीनियर ने बताया कि अब तक पानी आपूर्ति का संचालन ठेकेदार द्वारा किया जा रहा था। किन्तु अब इसकी जिम्मेदारी पंचायत को सौंपी जाएगी, पानी की आपूर्ति का संचालन अब पंचायत के माध्यम से किया जाएगा।

## जिला प्रशासन ने दूरस्थ ग्राम लोहत्तर में शिविर लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त हुए 164 आवेदन



**कांकेर(विश्व परिवार)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय से दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों की समस्याएं सुनने आज दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत लोहत्तर में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जहां काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर अपनी समस्याओं और मांगों से जिला प्रशासन को अवगत कराया। इस दौरान शिविर में कुल 164 आवेदन मिले, जिनमें 160 मांगों एवं 04 शिकायतों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इनमें सर्वाधिक 58 आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, 23 वन विभाग, 22 राजस्व विभाग, 13 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा 10 विद्युत विभाग को प्राप्त हुए। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि सुदूर अंचल में स्थित गांवों के विकास के लिए शासन प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सतत् जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां पर ग्रामीणों की विभिन्न मांगों और समस्याओं का यथासंभव निराकरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण दुर्गूकोंदल क्षेत्र में 55 स्थानों का चिन्हांकन किया गया है, जहां निकट भविष्य में पुल-पुलियों का निर्माण किया जाना है और इसके लिए राज्य शासन से 250 करोड़ रूपए के बजट की मांग की गई है। कलेक्टर ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत घरों के निर्माण के लिए प्रथम किश्त की राशि राज्य शासन द्वारा जारी कर दी गई है, जिसका उपयोग हितग्राही आवास निर्माण के लिए ही करें। इसके अलावा कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम के तहत विभिन्न किस्म के पौधे रूचि अनुसार खेतों व बाड़ियों में लगाने ग्रामीणों से आव्हान किया। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण नियमानुसार करने की बात कही। इस दौरान जनपद जनपद पंचायत दुगूकांदल की अध्यक्ष श्रीमती सन्तो दुग्गा ने क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यकतानुसार बजट का प्रावधान करने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों से शिविर का लाभ लेने की अपील करते हुए अधिकाधिक संख्या में आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा राजस्व विभाग की ओर से छह किसानों को किसान किताब वितरित की गई, जिनमें ग्राम लोहत्तर के सर्वश्री हेमन्त, किशन, ग्राम कोड़ाखुर्री के सुन्दर, डोप्पीराम, जररीराम और जर्रेराम शामिल थे। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग द्वारा मौके पर 86 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा गांव के 1636 मवेशियों का एफएमडी टीकाकरण किया गया तथा 524 सांड का बंध्याकरण, 75 का डी.टीकिंग और 220 मवेशियों के लिए निशुल्क दवा वितरित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास द्वारा तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखा। इसके अलावा विभिन्न विभागां द्वारा विभागीय योजनाओं तथा आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ग्रामीणों को दी। मौके पर जनपद सदस्य श्री धनीराम ध्रव, सर्वश्री देवेन्द्र टेकाम, जोहन गावड़े सहित ग्राम पंचायत लोहत्तर, परभेली, चिहरों, कराकी, गुदूम, कोंडरूज, हानपतरी के सरपंच एवं अन्य ग्राम प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## कलेक्टर एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने ग्राम सिवनी में किया प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का शुभारंभ

### वेस्ट मैनेजमेंट के साथ-साथ बेहतर आमदनी का भी बनेगा महत्वपूर्ण जरिया

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे सहित श्री पवन साहू एवं अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बुधवार 02 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि यह प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेट यूनिट प्लास्टिक से बने चीजों के वेस्ट मैनेजमेंट के साथ-साथ यहाँ काम करने वाले स्वसहायता समूह के महिलाओं के बेहतर आमदनी का महत्वपूर्ण जरिया बनेगा। इस अवसर पर ग्राम सिवनी में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के शुभारंभ होने पर कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इसकी सराहना की। इस दौरान कलेक्टर एवं अतिथियों के द्वारा इस यूनिट का अवलोकन कर यूनिट में स्थापित किए गए मशीनों के कार्य पद्धति के संबंध में जानकारी ली। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि बालोद विकासखण्ड के सभी गांवों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण के कार्य के अंतर्गत संग्रहित किए गए प्लास्टिक वेस्ट को ग्राम सिवनी के इस यूनिट में लाकर उनका उचित प्रबंधन किया जाएगा। यहाँ पर प्लास्टिक वेस्ट के प्रबंधन कार्य में लगे स्वसहायता समूह के महिलाओं के द्वारा प्लास्टिक वेस्ट का सेग्रीगेशन कर उसमें से उपयोगी बोतल, ढक्कन, तांबा आदि चीजों को एकत्र किया जाएगा। इसके पश्चात् इसकी बिक्री की भी उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसमें से तांबा, तार आदि की चीजें बहुत कीमती होती है। इन चीजों की बिक्री की उचित व्यवस्था होने से इस कार्य में लगे महिलाओं को अच्छी खासी आमदनी हो सकेगी। डॉ. कन्नौजे ने बताया कि इस प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के महिलाओं को जिला मुख्यालय बालोद में स्थित एसएलआरएम सेंटर में भेजकर वेस्ट मैनेजमेंट तथा सेग्रीगेशन के कार्यों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बालोद विकासखण्ड में सिवनी के अलावा जिले के सभी विकासखण्डों में 01-01 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना की जा रही है। इसके लिए जिले के सभी विकासखण्डों के पंचायतों की मैपिंग भी की गई है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने इस प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट इकाई का संचालन करने वाली महिलाओं से बातचीत कर उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा इस इकाई का बेहतर संचालन करने की शुभकामना भी दी।

## सद्भावना शिविर में अस्पृश्यता निवारण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय सुकमा में सर्व आदिवासी समाज भवन, सोड़ीपारा, सुकमा में 02 अक्टूबर, बुधवार को अस्पृश्यता निवारणार्थ एक सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज में व्याप्त अस्पृश्यता जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूकता फैलाना और छत्तीसगढ़ आकस्मिकता नियम 1995 के तहत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के प्रावधानों की जानकारी प्रदान करना था। शिविर में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के लोगों को कानून के विभिन्न पहलुओं, विशेष रूप से नियम 11 एवं 12 के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान आम जनता को यह भी जानकारी दी गई कि वे किस प्रकार कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं और अत्याचार के मामलों में अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए, जिन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव और अत्याचार के खिलाफ अपने विचार व्यक्त किए। आयोजकों ने ऐसे शिविरों के माध्यम से समाज में सद्भावना और समानता का संदेश फैलाने की प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर परसहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री शरदचंद शुक्ला, जनपद उपाध्यक्ष श्री डमरू नाग, जनपद उपाध्यक्ष श्री डमरू नाग व समाज प्रमुख श्री काशीमुद्दीन खान, श्री ठगडूराम यादव, श्री नरेंद्र सोड़ी, गौरव राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने ली जिले के गौण खनिज पट्टेधारी अनुज्ञाधारी एवं परिवहनकर्ताओं की बैठक

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के गौण खनिज पट्टेधारी, अनुज्ञाधारी एवं परिवहनकर्ताओं की बैठक लेकर उनके द्वारा राजस्व आय में वृद्धि हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी गौण खनिज पट्टेधारी, अनुज्ञाधारी एवं परिवहनकर्ताओं को गौण खनिज से जुड़े कार्यों में समुचित आय में वृद्धि के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने बैठक में उपस्थित पट्टेधारी एवं अनुज्ञाधारियों से गौण खनिज के अंतर्गत फर्शी पत्थर, चूना पत्थर, मिट्टी एवं ईंट से जुड़े कार्यों के अंतर्गत कुल प्राप्त राजस्व के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने पट्टेधारी एवं अनुज्ञाधारियों को सीएसआर मद के अंतर्गत संबंधित क्षेत्रों के विकास तथा वहाँ की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु आवश्यक कार्य करने के निर्देश भी दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने संबंधित क्षेत्रों में ग्रामीणों की मांग और आवश्यकतानुसार पेयजल व्यवस्था, ईलाज आदि की व्यवस्था तथा शिक्षा आदि के क्षेत्र में भी अनिवार्य रूप से कार्य करने को कहा। श्री चन्द्रवाल ने जिला खनिज अधिकारी को जिले में गौण खनिज के कार्यों के अंतर्गत राजस्व आय में वृद्धि हेतु लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए योजना बनाने के भी निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने जिले के सभी गौण खनिज पट्टेधारी, अनुज्ञाधारियों एवं परिवहनकर्ताओं को बेहतर कार्य कर राजस्व आय में वृद्धि के उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

## बरमकेला में निकाली गई नशा मुक्त भारत अभियान जागरूकता रैली

**सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** जनपद पंचायत बरमकेला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत अभियान की रैली बरमकेला में निकाली गई। इसमें विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र, का नारा लगाते हुए जनपद पंचायत से शुभारंभ कर इंदिरा चौक, अटल चौक, बस स्टेशन से होते हुए पुन: जनपद पंचायत तक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। एन आर.एल.एम यूनिट बरमकेला के सभी महिलाएं इस रैली मे शामिल हुए। रैली निकाल कर नशा मुक्ति हेतु नागरिकों को जागरूक किया गया। 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर 2024 तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती हुई मद्यपान और नशीली दावों के दुष्परिणामों के प्रति युवाओं विद्यार्थियों आम जन को जागरूक करना है। साथ ही जनपद पंचायत के सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी महिलाओं को नशा मुक्त जीवन शैली अपनाने और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने नशा मुक्त भारत अभियान में योगदान देने की शपथ दिलाई। इस रैली में जनपद और एनआरएलएम टीम के समस्त कर्मी उपस्थित थे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रज्ञा यादव ने कहा कि आज नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया, वे अपने ग्राम पंचायत में जाकर इस तरह से रैली के माध्यम से नशा मुक्ति अभियान का संचालन करें। सभी लोगों को नशे के दुष्परिणामों को सभी जानते हैं इसके बावजूद भी कुछ लोग उसे छोड़ नहीं पाते हैं तो हमारा यही सबसे अनुरोध रहेगा कि इसके दुष्परिणामों को समझते हुए सभी लोग धीरे-धीरे जो भी नशे के गिरफ्त में है ।

## सम्पूर्णता अभियान लक्ष्यों को प्राप्त करने का महत्वपूर्ण कार्यक्रम : संबित मिश्रा




**बीजापुर(विश्व परिवार)।** नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं ब्लॉक में आयोजित सम्पूर्णता कार्यक्रम का गांधी जयंती के अवसर पर समापन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा ने सम्पूर्णता अभियान के 6 संकेतकों पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए बधाई दिया और भविष्य में बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य बी पुष्पा राव, हेमंत रमेश नंदनवार सीईओ जिला पंचायत एवं डिप्टी कलेक्टर तथा नोडल अधिकारी उत्तम सिंह पंचारी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। जिला कार्यालय के इंद्रावती सभाकक्ष में आयोजित सम्पूर्णता कार्यक्रम के समापन समारोह में कलेक्टर संबित मिश्रा ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम बीजापुर और आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम उसूर में विषम परिस्थितियों के बावजूद नीति आयोग के 6 संकेतकों में 4 संकेतकों पर शत प्रतिशत सफलता हासिल करना एक उपलब्धि है और इसके लिए सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उच्च रक्तचाप, मधूमेह, टीकाकरण, शिक्षा विभाग में पाठ्य पुस्तक वितरण एवं विद्युतीकरण, महिला एवं बाल विकास ने पुरक-पोषण वितरण, ग्रामीण आजिविका मिशन ने रिवाल्वींग फन्ड तथा कृषि विभाग ने स्वाईल हेल्थ कार्ड के कार्य में प्रभावी भूमिका निभाई है। आने वाले समय में संकेतक जब परिवर्तित होंगे तब इसी तरह लगन और जिम्मेदारी के साथ हमें अपने जिले और ब्लॉक को बेहतर प्रदर्शन कर दिखाना है।

### जंगली जानवरों का बढ़ता आतंक तेंदुआ और भालू बन रहे खतरा

**कांकेर(विश्व परिवार)।** जिले में जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, विशेषकर भालू और तेंदुए लगातार रिहायसी इलाकों में घुसकर हिंसक हो रहे हैं। तेंदुआ आदमखोर बनता जा रहा है, जो वन विभाग के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर रहा है। रिहायसी इलाकों में पहुंचकर तेंदुए लोगों पर हमले कर रहे हैं, जिससे नागरिकों में दहशत का माहौल है। हाल के दिनों में तेंदुए ने बच्चों सहित कई लोगों पर हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिले के ग्राम डुमाली में एक साथ 5 तेंदुओं का दिखाई देना वन विभाग के लिए चिंता का विषय बन गया है। इस घटना के बाद से विभाग अलर्ट मोड में है। आसपास के ग्रामीण दहशत में हैं, जबकि कुछ शहरवासी रात के समय तेंदुए देखने के लिए इन इलाकों में घूमकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। इस लापरवाही के चलते कोई बड़ी घटना न घट जाए, इसलिए वन विभाग ने रात के समय पहाड़ी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में गश्त शुरू कर दी है। विभाग द्वारा मार्ग से गुजरने वाले लोगों को समझाइश दी जा रही है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। नागरिकों से अपील की गई है कि वे सावधानी बरतें और रात के समय अकेले इन क्षेत्रों में न जाएं। वन विभाग इस संकट से निपटने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, लेकिन नागरिकों की जागरूकता भी इस स्थिति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण है।

## व्यापार समाचार

### ओला इलेक्ट्रिक की 'बॉस- बिगेस्ट ओला सीज़न सेल' शुरू हुई, एस1पोर्टफोलियो 49,999 रुपये से शुरू, जिसके साथ मिलेंगे 40,000 रुपये तक के फेस्टिव ऑफर

**बैंगलुरू :** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने आज त्योहारों के लिए अपना सबसे बड़ा ओला सीज़न सेल, बॉस शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत एस1 पोर्टफोलियो 49,999 रुपये की न्यूनतम राशि में उपलब्ध हो रहा है। साथ ही, कंपनी ने 40,000 रुपये तक के फेस्टिव बेनेफिट्स की घोषणा भी की है, जिनमें हाईपरचार्जिंग क्रेडिट्स, मूवओएस+ अपग्रेड, एक्सेसरीज़ पर एक्सक्लुसिव डील और केयर+ के साथ कई आकर्षक ऑफर शामिल हैं। इस अभियान के बारे में भाविश अग्रवाल, चेयरमैन एवं एमडी, ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, ''हम इन त्योहारों पर सभी ऑफरों के साथ बॉस शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह ईवी खरीदने का सबसे अच्छा समय है। बॉस हमारी अब तक की सबसे बड़ी फेस्टिव पेशकश है, जिसके साथ हम अपना म्थ्ठ्रद्धष्टश्चद्द मिशन आगे बढ़ा रहे हैं और देश में ईवी का विस्तार कर रहे हैं। सबसे बड़े डिस्काउंट, सबसे अच्छी डील्स और आकर्षक फाईनेंसिंग ऑफरों के साथ यह महंगे पेट्रोल वाहनों को पीछे छोड़ते हुए ईवी के विस्तार के लिए सबसे अच्छा समय है।'' पिछले महीने ओला इलेक्ट्रिक ने अपने नेटवर्क पार्टनर प्रोग्राम की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भारत में इसके सेल्स और सर्विस नेटवर्क का विस्तार करना है।

### सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी S24 FE किया लॉन्च, अब अधिक यूजर्स उठा सकेंगे गैलेक्सी एआई की क्षमताओं का लाभ; प्री-बुकिंग पर पाएं रोमांचक ऑफर

**गुरुग्राम:** भारत के सबसे बड़े कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी S24 FE लॉन्च किया है। यह गैलेक्सी एआई इकोसिस्टम का नया प्रोडक्ट है, जो ज्यादा से ज्यादा यूजर्स को शानदार मोबाइल अनुभव देता है। गैलेक्सी S24 FE में एआई-बेस्ड प्रोविजुअल इंजन और फोटो असिस्ट फीचर के साथ एडवांस्ड कैमरा सेटअप दिया गया है, जिससे यूजर्स अधिक क्रिएटिव बन सकते हैं। इसमें 6.7-इंच का डायनैमिक एमोलेड 2X डिस्प्ले, 4,700mAh बैटरी और पावरफुल एक्सिनॉस 2400 सीरीज चिपसेट है, जो चलते-फिरते गेमिंग का बेहतरीन अनुभव देता है। यह डिवाइस कम्युनिकेशन, उत्पादकता और क्रिएटिविटी बढ़ाने के लिए प्रीमियम गैलेक्सी एआई टूल्स और इकोसिस्टम कनेक्टिविटी के साथ आता है। साथ ही, इसका आइकॉनिक डिजाइन और मजबूत सैमसंग नॉक्स सिक्योरिटी इसे पूरी तरह से सुरक्षित बनाते हैं।

**एआई से बेहतर कैमरा और एडिटिंग की सुविधा-** गैलेक्सी स्24 स्नश्च का प्रीमियम कैमरा सेटअप में 50MP वाइड लेंस (3× ऑप्टिकल जूम) और 8स्र्क्क टेलीफोटो लेंस शामिल हैं, जो ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन (OIS) सपोर्ट करते हैं। साथ ही इसमें 12MP अल्ट्रा-वाइड लेंस और 10MP का सेल्फी कैमरा भी है।

### देश के सबसे बड़े 'दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024' में पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, बॉलीवुड और स्पोर्ट्स के दिग्गजों ने बांधा समां

**मुंबई :** दी सीएसआर जर्नल (The CSR Journal) द्वारा आयोजित दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024, 30 सितंबर को मुंबई में संपन्न हुआ। दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024 कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी यानी सीएसआर जगत में देश का सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड सेरेमनी है, जो मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024 में मुख्य अतिथि के तौर पर लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला, महिला व बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे, सांस्कृतिक कार्य, वन एवं मत्स्य पालन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, राज्यसभा सांसद और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी. टी. उषा, सांसद एवं महाराष्ट्र एनसीपी अध्यक्ष सुनील तटकरे, सांसद रवींद्र वायकर, पूर्व सांसद राहुल शेवाले, पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी जैसे कई दिग्गज उपस्थित रहे। अवाड्र्स में इंडिया फर्स्ट का रहा थीम, महिला सशक्तिकरण पर भी हुई बात हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अवाड्र्स का थीम 'इंडिया फर्स्ट' था, जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स के इस प्रतिष्ठित आयोजन में 600 से अधिक अतिथि शामिल हुए, जिनमें देश के कोने कोने से ब्यूरोक्रेट, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा नेता, कलाकार, देश के तमाम कॉरपोरेट हाउसेस के प्रतिनिधि और देश का भविष्य कहे जाने वाले मेधावी छात्र शामिल थे।

### विनय कॉरपोरेशन लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

विनय कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। इस ऑफर में 10 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है, जिसका कुल मूल्य 1500 मिलियन (150 करोड़) है (''नया इश्यू'')। साथ ही इसमें विक्रय शेयरधारकों द्वारा 22,213,852 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (''ऑफर फॉर सेल'') भी शामिल है। विनय कॉरपोरेशन लिमिटेड दोपहिया वाहनों, तिपहिया वाहनों, यात्री वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों के लिए ऑटोमोटिव कोम्पोनेंट्स की एक विस्तृत रेंज की डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति और निर्यात करता है। कंपनी के प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो में स्टीयरिंग व्हील स्विच, गियर शिफ्टिंग पैडल, लाइट कंट्रोल यूनिट, ब्रेक पेडल स्विच और सेंसर, मल्टीमीडिया प्लग और एयरबैग ऑन/ऑफ स्विच (या तो नजर आने वाले स्विच या छिपे हुए स्विच) (मेकाट्रॉनिक उत्पाद) और वायरिंग हार्नेस, फ्यूज बॉक्स, तार, केबल, टर्मिनल और कनेक्टर (कनेक्टिव उत्पाद) शामिल हैं।



## भारतीय महिलाओं को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत सावधान रहने की जरूरत : हरभजन सिंह

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** गुरुवार को यूएई में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप शुरू होने के साथ ही पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ग्रुप चरण में भारत की विरोधियों के बारे में अपने विचार साझा किए और कहा कि हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहुत सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि वे उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती बन सकती हैं। भारत छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ ग्रुप ए में है, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, 2009 के चैंपियन इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, 2016 के विजेता वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड शामिल हैं। भारत शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा और अगला मैच 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलेगा। वे 9 अक्टूबर को श्रीलंका से खेलेंगे और फिर 13 अक्टूबर को अपने आखिरी ग्रुप मैच में रिकॉर्ड छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे। हरभजन ने कहा, मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते समय भारत को बहुत सावधान रहने की जरूरत है। इस ग्रुप को देखते हुए, भारत के साथ ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं। ये सभी मैच निश्चित रूप से महत्वपूर्ण होंगे। लेकिन एक मैच जो मुझे लगता है कि थोड़ा कठिन होगा, वह है भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच। ऑस्ट्रेलिया एक अच्छी टीम है, भले ही ये मैच दुबई में खेले जा रहे हों, उपमहाद्वीप की पिचों पर जो शायद उनके घरेलू परिस्थितियों जितनी अनुकूल न हों। उन्होंने कहा, लेकिन ऑस्ट्रेलिया, चाहे वे कहीं भी खेलें, उन्हें हराना मुश्किल है। इसलिए, भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती ऑस्ट्रेलिया हो सकती है। श्रीलंका भी, भारत के खिलाफ अपनी हालिया श्रृंखला जीत के बाद, आत्मविश्वास से भरा होगा। इसलिए, यह भी एक अच्छा मुकाबला होगा। भारतीय महिलाएं उम्मीद कर रही हैं कि 2024 उनका पहला आईसीसी विश्व कप जीतने का साल होगा, वे तीन बार उपविजेता रही हैं – 2020 टी20 विश्व कप और 2005 और 2017 में 50 ओवर के टूर्नामेंट में। मेगा इवेंट में भारत की संभावनाओं के बारे में बोलते हुए, हरभजन ने कहा, टीम इंडिया इस टूर्नामेंट में हराने वाली टीम होगी। मुझे लगता है कि भारत की टीम बहुत मजबूत है। उनके पास अनुभव और युवा दोनों हैं।

## एक ओवर में लगे 7 छक्के, ऋतुराज गायकवाड़ के नाम है इतिहास का सबसे अनोखा रिकॉर्ड

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** क्रिकेट के खेल में आए दिन रिकॉर्ड्स बनते और टूटते रहते हैं. लेकिन, कई बार कुछ ऐसे रिकॉर्ड बन जाते हैं, जिनका टूटना संभव ही नहीं होता. आज हम आपको एक ऐसे ही अनोखे रिकॉर्ड के बारे में बताते हैं... यदि आपसे कोई पूछे कि एक ओवर में ज्यादा से ज्यादा कितने छक्के लग सकते हैं? तो जाहिर तौर पर आपके जहन में जवाब 6 होगा... क्योंकि एक ओवर में 6 गेंद होती हैं, यानी 6 छक्के लग सकते हैं. लेकिन, एक ऐसा भारतीय खिलाड़ी है, जिसने एक ओवर में 7 छक्के लगाने का कारनामा किया है. सुनने में अजीब लगता है कि भला एक ओवर में 7 छक्के कैसे लग सकते हैं. लेकिन, भारत के घरेलू



क्रिकेट में ये हो चुका है. एक ओवर में 7 छक्के लगाने का कारनामा करने वाला क्रिकेटर कोई और नहीं बल्कि ऋतुराज गायकवाड़ हैं. गायकवाड़ ने 28 नवंबर 2022 में एक बड़ा कारनामा किया था, जिसने सभी को चौंका दिया. उन्होंने एक ओवर में लगातार 7 छक्के लगाए थे. ये रिकॉर्ड ऋतुराज गायकवाड़ ने विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट के दौरान हुई थी. जब महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के बीच मुकाबला हुआ था. महाराष्ट्र की ओर से बल्लेबाजी करने उतरे ऋतुराज ने एक ओवर में 7 छक्के लगाकर इतिहास का सबसे अनोखा रिकॉर्ड बनाया. इस मैच में उत्तर-प्रदेश के स्पिन गेंदबाज शिवा सिंह के ओवर में ये कारनामा हुआ. दरअसल, शिवा सिंह ने अपने ओवर में एक नो बॉल भी फेंक दी थी, जिसके चलते ओवर में कुल 7 गेंदें फेंकी गईं और सभी सात गेंदों पर गायकवाड़ ने छक्का लगाया. इस तरह शिवा सिंह के इस ओवर में ऋतुराज गायकवाड़ ने 43 रन ठोक दिए.

## खुशी ने कांस्य पदक जीता, जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत शीर्ष पर


**लीमा(एजेंसी)।** जूनियर विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (3पी) में कांस्य पदक जीतकर खुशी ने भारत के पदकों की संख्या 15 तक पहुंचा दी है। भारत के नाम अब 10 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक हैं और वह पदक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। इस युवा खिलाड़ी ने फाइनल में 447.3 अंक हासिल किए और नॉर्वे की कैरोलिन से पीछे रहीं, जिन्होंने 458.3 अंक के साथ रजत पदक जीता। कैरोलिन की हमवतन सिनोव बर्ग ने 458.4 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। खुशी क्वालिफिकेशन में 585 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहीं और फाइनल में जगह पक्की की। मुकाबला इतना कड़ा था कि चार अन्य खिलाड़ी भी उसी स्कोर पर थे। हालांकि, खुशी और इतालवी अन्ना शियावोन ने इनर 10-रिंग में 29 शॉट के आधार पर अंतिम दो क्वालीफाइंग स्पॉट हासिल किए, जबकि दो स्विस एथलीट, एलेक्सा टेला और एमिली जैगी 27 शॉट ही बना पाईं। काउंटबैक में खुशी, अन्ना से आगे रहीं। जूनियर महिला 3पी में



टीम स्पर्धा में साक्षी पाडेकर, मेलविना जोएल ग्लैडसन और प्राची गायकवाड़ की तिकड़ी 1757 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रही। अनुष्का ठाकुर ने भी क्वालिफिकेशन में 585 अंक बनाए, लेकिन इनर-10 रिंग में 26 हिट के कारण वह 11वें स्थान पर रहीं। साक्षी, मेलविना और प्राची क्रमश: 24वें, 32वें और 41वें स्थान पर रहीं।

## ई-वाहनों खरीदने वालों की हो गई चांदी, सरकार ने नवरात्रि में दिया इतना बड़ा तोहफा

**नईदिल्ली(एजेंसी)।** भारत सरकार इन दिनों ई-वाहनों को लेकर काफी सजग दिखाई दे रही है. भारत सरकार तीन श्रेणी में आने वाले ई-वाहनों पर वारंटी दे रही है. वारंटी किलोमीटर एवं अवधि के हिसाब से तय किया गया है. भारी उद्योग मंत्रालय की मानें तो यह फैसला ग्राहकों के प्रति कंपनियों का उत्तरदायित्व तय करने के लिए लिया गया है. इसी वजह से पीएम ई-ड्राइव योजना से जुड़ी अधिसूचना में प्रोत्साहन के साथ गारंटी को व्यापक बनाने पर जोर दिया गया है. अधिसचूना के मुताबिक, कंपनियों को इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी सहित





अन्य पार्ट पर वारंटी देनी होगी. सरकार ने वारंटी के लिए न्यूनतम मानक तय किए हैं और यह मानक हर कंपनी को अपनाने होंगे. बता दें, अभी सिर्फ दो पहिया, तीन पहिया और तीन पहिया (एल-5) वाहनों में ही वारंटी मिलेगी. जल्द ही सरकार ई-बस, ई-एंबुलेंस और ई-ट्रकों के लिए भी न्यूनतम वारंटी जारी की जाएगी. ई-एंबुलेंस और ई-ट्रकों के लिए नियम तय किए जा रहे हैं. मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, पीएम ई-ड्राइव योजना में वारंटी पर खास जोर दिया गया है. आगे वारंटी का दायरा बढ़ाया जाएगा. सरकार की इन सभी योजना का उद्देश्य ग्राहकों को सुविधा देना है. फेम-2 में सिर्फ वारंटी ही तय की घई थी पर अधिसूचना में वारंटी के तहत बैटरी का स्पष्ट उल्लेख किया गया है. बता दें, देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना शुरू की गई है. योजना 10,900 करोड़ रुपये की है. प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में मंगलवार को केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने योजना की शुरुआत की थी. सरकार ने इसके लिए पोर्टल और मोबाइल ऐप भी शुरू किया है.

## मेसी विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की टीम में लौटे



**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** लियोनेल मेसी वेनेजुएला और बोलीविया के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की टीम में लौट आए हैं, दक्षिण अमेरिकी देश के फुटबॉल संघ ने यह जानकारी दी है। 37 वर्षीय मेसी टखने की चोट के कारण चिली और कोलंबिया के खिलाफ सितंबर में एल्बिसेलेस्टे के क्वालीफायर से चूक गए थे, लेकिन उसके बाद से वह अपने क्लब इंटर मियामी के लिए मैदान पर लौट आए हैं। अर्जेंटीना 10 अक्टूबर को वेनेजुएला से और पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में बोलीविया से खेलेगा। मौजूदा विश्व कप और कोपा अमेरिका चैंपियन वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में आठ मैचों में 18 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जो दूसरे स्थान पर मौजूद कोलंबिया से दो अंक आगे है। शीर्ष छह टीमें स्वचालित रूप से 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी, जिसकी संयुक्त मेजबानी संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा करेंगे। सातवें स्थान पर रहने वाली टीम अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में आगे बढ़ेगी।

## मोदी जी ने खोला युवाओं के लिए खेल, शिक्षा और इनोवेशन के द्वार, लेकिन राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में चल रहा है नशे का कारोबार



**नईदिल्ली।** हाल ही में, दिल्ली में 5,600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 500 किलोग्राम से अधिक कोकीन बरामद की गई है, जो नशे के कारोबार के मामले में दिल्ली में सबसे बड़ा भंडाफोड़ है। आश्चर्य की बात यह है कि कोकीन के कारोबार से जुड़े 5,600 करोड़ रुपये की जब्ती के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी भारतीय युवा कांग्रेस की दिल्ली इकाई के आरटीआई प्रकोष्ठ का अध्यक्ष है। 5,600 करोड़ रुपये के ड्रग सिंडिकेट के मास्टमाइंड तुषार गोयल का कांग्रेस कनेक्शन जगजाहिर हो चुका है, जो दिल्ली प्रदेश कांग्रेस की आरटीआई सेल का चेयरमैन रह चुका है। तुषार गोयल ने आज भी अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर आरटीआई सेल चेयरमैन, कांग्रेस लिखा हुआ है। हैरानी की बात यह है कि 5,600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 500 किलोग्राम से अधिक कोकीन बरामदगी केस के तार दुबई से भी जुड़े हैं। इसके साथ-साथ 40 किलोग्राम मेरियाना भी जब्त किया गया है, जिसकी कीमत लगभग 20 करोड़ रुपये है। गौरतलब है कि एक ओर जहाँ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी की सरकार 'नशामुक्त भारत' के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, 'बॉटम टू टॉप' और 'टॉप टू बॉटम' अप्रोच के साथ बेहतर समन्वकय को अपना रही है, वहीं दिल्ली में पकड़ी गई कोकीन की 5,600 करोड़ रुपये की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक, निंदनीय और शर्मनाक है। यह घटना साबित कर रही है कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान में नशे का सामान बिक रहा है और नशे का कारोबार हो रहा है। एक तरफ कांग्रेस की सरकार पैसा लेकर युवाओं की नौकरी बेच रही है तो दूसरी तरफ युवाओं को नशा बेचकर उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में धकेल रही है।

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला- सुकमा (छ.ग.)**
Phone & Fax No.:- 07864-284666, E-Mail:- actwd.cgsukma@gmail.com

**संक्षिप्त मैनुअल जोनल अल्पकालीन निविदा सूचना (द्वितीय)**

क्रमांक/आ.वि./निर्माण/NIT-01/2024-25/1578 सुकमा, दिनांक 01.10.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकासखण्ड सुकमा एवं छिन्दगढ़ अन्तर्गत विभाग द्वारा संचालित छात्रावास/आश्रम/विशिष्ट संस्थाओं में अनुरक्षण/मरम्मत/जीर्णोद्धार कार्य, लघु निर्माण कार्य, विद्युतीकरण मरम्मत कार्य, बोर खनन कार्य, रनिंग वाटर सप्लाई इत्यादि कार्य कराये जाने हेतु अल्पकालीन जोनल निविदा जोनवार आमंत्रित की जाती है. निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि- 10.10.2024, जमा करने की अंतिम तिथि 14.10.2024 समय अपरान्ह 03.00 बजे तक एवं खोलने की तिथि- 14.10.2024 समय अपरान्ह 04.00 बजे से है.

| क्र. | जोनवार सेक्टर के नाम | अनुमानित लागत राशि |
|---|---|---|
| 01- | जोनल विकासखण्ड सुकमा अन्तर्गत कुल 02 सेक्टरः- सेक्टर क्रमांक-03, गादीरास, क्रमांक-04 सुकमा के विभिन्न छात्रावास/ आश्रम/ विशिष्ट संस्थाओं के भवनों के अनुरक्षण/ मरम्मत/ जीर्णोद्धार कार्य, लघु निर्माण कार्य, विद्युतीकरण मरम्मत कार्य, बोर खनन कार्य, रनिंग वॉटर सप्लाई इत्यादि कार्य | प्रत्येक सेक्टर हेतु 40.00 लाख |
| 02- | जोनल विकासखण्ड छिन्दगढ़ अन्तर्गत कुल 02 सेक्टरः- सेक्टर क्रमांक-05 तोंगपाल, सेक्टर क्रमांक-06 छिन्दगढ़- तालनार के विभिन्न छात्रावास/ आश्रम/ विशिष्ट संस्थाओं के भवनों के अनुरक्षण/ मरम्मत/ जीर्णोद्धार कार्य, लघु निर्माण कार्य, विद्युतीकरण मरम्मत कार्य, बोर खनन कार्य, रनिंग वॉटर सप्लाई इत्यादि कार्य. | |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी इस कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है.

G-242502923/1

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास सुकमा

## सशस्त्र सैन्य समारोह में आने-जाने के लिए मिलेगी निःशुल्क बस सुविधा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सशस्त्र सैन्य समारोह में आने-जाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध कराई गई है। शहर के चारों ओर से अलग-अलग समय में आवाजाही के लिए बस सुविधा चलेगी। तेलीबांधा थाना चौक, पचपेड़ी नाका चौक, पचपेड़ी नाका, न्यू बस स्टैंड भाठागांव, पुराना बस स्टैंड और टाटीबंध चौक से साइंस कॉलेज मैदान जाने के लिए 8:30 बजे से बस की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा साइंस कॉलेज से उक्त स्थानों तक वापसी के लिए शाम 5 बजे तक बस चलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रथम राष्ट्र एवं राज्य स्तरीय रेडियोलॉजिस्ट की इंडियन रेडियोलॉजिस्ट रेसीडेंस एजुकेशन कान्फ्रेंस 5 व 6 अक्टूबर को रायपुर में आयोजित

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ राज्य के उदय के साथ 2001 से राज्य स्तरीय रेडियोलॉजिस्ट की कान्फ्रेंस आयोजित की जा रही है। दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल जी दिनांक 5 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे मेडिकल कॉलेज सभागार में करेंगे एवं श्री मनोज पिंगुआ अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग डॉ.पी.के.पात्रा वाईस चांसलर आयुश युनिवर्सिटी, डॉ.यू.एस.पैकरा, डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन, डॉ. तृप्ति नागरिया डीन, नेहरू मेडिकल कालेज रायपुर विशिष्ट अतिथि रहेंगे। रेडियोलॉजिस्ट एवं छत्तीसगढ़ की जनता को सुलभ उपचार पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर के प्रवक्ता डॉ. लालेन्द्र उप्रेती (दिल्ली), डॉ.अशोक मंडल (पटना), डॉ.नताशा गुप्ता (दिल्ली), डॉ.सिकंदर शेख (हैदराबाद), डॉ. सरवेश तिवारी (जोधपुर), डॉ. वर्षा जोशी (हैदराबाद), डॉ.महेश प्रकाश (चंडीगढ़), डॉ. शैलजा जैन (दिल्ली), डॉ. प्रतिमा इस्सर (भिलाई), रायपुर से डॉ.ए.ए.उसमान, डॉ. एस.बी.एस.नेताम, डॉ. आनंद जायसवाल, डॉ. सी.डी.साहू एवं डॉ. विवेक पात्रे व्याख्यान देंगे और एम्स मेडिकल कालेज से डॉ. निहार कथरानी एवं डॉ.ऋचा सिंग चौहान अपना व्याख्यान देंगे। रेसीडेन्ट रेडियोलॉजिस्ट के लिये इ-पोस्टर, पी-पोस्टर एवं प्रोफईड पेपर में अपने रिसर्च प्रस्तुत करेंगे। हम ईमानदारी से अपने सभी प्रतिनिधियों को इस वैज्ञानिक प्रयास का उपयोग करने और लाभ उठाने के लिए हार्दिक निमंत्रण देते हैं।

### ललित तिवारी जी का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्याम टॉकीज, रायपुर के प्रोपराइटर व आरडीए के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के वरिष्ट नेता रहे श्री ललित तिवारी जी का आज दोपहर 12:30 बजे निधन हो गया है। वे लावण्या तिवारी, लोकेश तिवार, स्व. लक्ष तिवारी, श्रीमती लालिमा तिवारी और डॉ. लीना तिवारी के पिता और लाभांश तिवारी, लोहित, लक्षित, लोचन, लव्या और अर्जुन के दादाजी थे। अंतिम यात्रा कल दिनांक 5 अक्टूबर 2024 को उनके सिविल लाइंस वाले निवास स्थान से सुबह 11 बजे, मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए प्रस्थान करेगी। शोकाकुल- लवी तिवारी।

### किशन अग्रवाल जी का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जवाहर नगर निवासी स्व. श्री नरसिंग अग्रवाल जी के पुत्र किशन अग्रवाल (63 वर्ष) का आज दुखद निधन हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा जवाहर नगर निज निवास स्थान से शाम 4.30 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट जायेगी। शोकाकुल- श्यामसुंदर अग्रवाल (भाई), गौरीशंकर अग्रवाल (भाई), पूर्व विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़, अशोक अग्रवाल (भाई), अजय अग्रवाल (भाई), विजय अग्रवाल (भाई), भावेश (सुपुत्र) एवं समस्त अग्रवाल परिवार रायपुर-कसडोल।

## रायपुर में 34वीं एनुअल कॉन्फ्रेंस WZUSICON 2024 में युरोलॉजिस्ट करेंगे मंथन

### खास चर्चा में युरोलॉजिस्ट ने साझा किया अपना अनुभव

### सभी को जागरूकता और सतर्कता बरतने की विशेष सलाह



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी के नवा रायपुर स्थित मेफेयर रिजॉर्ट में छत्तीसगढ़ यूरोलॉजी सोसाइटी के बैनर तले यूरोलॉजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया वेस्ट जोन के साथ 34वीं एनुअल कॉन्फ्रेंस WZUSICON 2024 का आयोजन 4, 5 और 6 अक्टूबर को कर रही है। यूरोलॉजिस्ट के इस महाकुंभ में छत्तीसगढ़ सहित महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और गोवा के यूरोलॉजिस्ट एवं देश के अन्य जगहों से यूरोलॉजिस्ट तीन दिवसीय एनुअल कॉन्फ्रेंस में जुटे हैं। वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से यूरोलॉजी के क्षेत्र में सर्जिकल टेक्निक्स को साझा किया जाएगा। साथ ही नई टेक्नोलॉजी का विश्लेषण कर उपचार की चुनौतियां और आसानियों पर विश्लेषण मंथन होगा।

डॉ.प्रशांत भागवत ऑर्गेनाइजिंग प्रेसिडेंट WZUSICON 2024 ने कहा कि यह नेशनल कांफ्रेंस साल में एक बार वेस्ट जोन के अंतर्गत आने वाले छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, गोवा राज्य में होती है। हर 5 साल में प्रति राज्य में एक बार कांफ्रेंस आयोजित की जाती है। यूरोलॉजी के अंतर्गत मूत्रशल्य चिकित्सा इसमें महिला-पुरुषों में अलग-अलग तरह की होने वाली बीमारियों को यूरोलॉजिस्ट के द्वारा उपचार किया जाता है। बेहतर उपचार के लिए आज नई-नई टेक्निक्स का इजात हो चुका है। इससे उपचार आसान हो गया है। बिना चीर फाड़ के आज इलाज संभव हो गया है।

खास चर्चा में डॉक्टर प्रशांत भागवत ने कहा कि आज पथरी की बीमारी सामान्य रूप से सामने आती है। कमर में दर्द, उल्टी, पेशाब में खून आना और असहनीय दर्द होना आदि लक्षण दिखने से तत्काल यूरोलोजिस्ट से सलाह लेना चाहिए। जब हमारे पास मरीज आते हैं तो हम जांच करते हैं, सोनोग्राफी करते हैं, सिटी स्कैन करते हैं और जब इस निष्कर्ष में पहुंचते हैं की पथरी है तो पथरी के आकार स्थिति को देखते हुए कि मरीज को दवाई दी जाए या ऑपरेशन किया जाए ये निर्णय करते हैं।

डॉ. गौरांश शाह मुंबई सेक्रेटरी वेस्ट जोन यूरोलॉजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया ने कहा कि पेशाब में रक्त बहना कैंसर की पहली निशानी है। उसके साथ में दर्द भी हो सकता है, बुखार भी आ सकता है, पेशाब में खून बहता है उसकी जांच करना बहुत जरूरी है। आजकल इसका इलाज दूरबीन और रोबोटिक पद्धति से होता है। पेशाब में खून आना इन्फेक्शन और पथरी से भी हो सकता है लेकिन सतर्कता पूर्वक जांच अवश्य करानी चाहिए।

डॉ. उल्हास साठये प्रेसिडेंट वेस्ट जोन यूरोलॉजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया (जामनगर-गुजरात) ने कहा कि प्रोस्टेड की बीमारी बुजुर्ग पुरूष में होती है। ज्यादातर पेशाब में रुकावट पेशाब बंद हो जाना यह लक्षण होते हैं। सही समय पर इलाज न होने पर गुर्दों पर असर हो सकता है। इसे हम सरल भाषा में किडनी फेल होना कहते हैं। प्रोस्टेड के ऑपरेशन का इलाज दूरबीन से, लेजर से, रोबोट से भी हो सकता है। नई-नई टेक्नोलॉजी के इजात होने से यह सरल हो गया है।

डॉ. ललित शाह प्रेसिडेंट यूरोलॉजी सोसाइटी ऑफ़ इंडिया रायपुर ने कहा कि 30-40 साल पहले की बात करें तो यूरोलॉजिस्ट बहुत कम हुआ करते थे तो लोग पहले नीम हकीम से ही उपचार कराते थे। कुछ लोग एमबीबीएस डॉक्टर से इलाज करते थे लेकिन यूरोलॉजिस्ट तक पहुंच नहीं पाते थे। वर्तमान में बहुत यूरोलॉजिस्ट है लेकिन 30 प्रतिशत मरीज ही यूरोलॉजिस्ट तक पहुंचते हैं। सभी को समझना होगा कि विशेषज्ञ डॉक्टर के पास ही जाना चाहिए। सर्वश्रेष्ठ उपचार उपलब्ध हो, वहां जाना चाहिए। इमरजेंसी में भले ही समीप के डॉक्टर के पास चले जाएं लेकिन लोगों में यह जागरूकता होनी चाहिए कि यूरोलॉजी से संबंधित बीमारी का इलाज यूरोलॉजिस्ट ही ठीक तरह कर सकता है।

डॉ. योगेश बारापात्रेऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री WZUSICON 2024 ने कहा कि आज लोगों में सेक्स संबंधी कमजोरियां व नपुंसकता सामने आती है। इसके लिए यूरोलॉजिस्ट से सलाह लेकर बेहतर इलाज पाया जा सकता है। व्यक्ति को सेक्स संबंधी बीमारी में संकोच नहीं करना चाहिए। यूरोलॉजिस्ट से अवश्य सलाह लेनी चाहिए। जांच के बाद बीमारी का पता चलने पर इलाज संभव है। नपुसंकता, बांझपन का इलाज यूरोलोजिस्ट से परामर्श कर संभव हो सकता है।

## विद्यार्थियों ने सीखे अस्पताल प्रबंधन के गुण

### एमबीए अस्पताल प्रबंधन के विद्यार्थियों ने वीवाई हॉस्पिटल का किया शैक्षणिक भ्रमण




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकरिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के एमबीए अस्पताल प्रबंधन के विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत वीवाई हॉस्पिटल का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रबंधन की कार्य प्रणाली को गहराई से जाना. विद्यार्थियों ने ओपीडी, आईपीडी, बिलिंग, आईसीयू, फार्मेसी, माइनर ओटी, सर्जरी विभाग, एचआर, फाइनेंस, बायोमेडिकल वेस्ट, फायर एंड सेफ्टी सर्विसेस, थर्ड पार्टी इन्सुरेंस आदि विभागों का भ्रमण किया।

विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण करते हुए वीवाई हॉस्पिटल के प्रबंधक अंशुमन गनौदवाले ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण विषय है। अस्पताल के व्यवस्थित संचालन की पूरी जिम्मेदारी एक प्रबंधक की होती है। इसलिए अस्पताल प्रबंधक को अस्पताल के सभी पहलुओं का गहराई से ज्ञान होना आवश्यक है. इस अवसर पर वीवाई हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना, सीईओ डॉ. अनिल कर्नावट, विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी, देवेन्द्र कश्यप सहित एमबीए (एचए) के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## 'सूचना का अधिकार-इसका महत्व' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

### मनोज कुमार त्रिवेदी ने आरटीआई अधिनियम 2005 के महत्व को साझा किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय द्वारा सूचना का अधिकार और इसके महत्व पर आधारित एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के पूर्व राज्य सूचना आयुक्त श्री मनोज कुमार त्रिवेदी ने शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने में आरटीआई अधिनियम के महत्व पर बहुमूल्य जानकारी साझा की।

मनोज कुमार त्रिवेदी ने इस बात पर जोर दिया कि किस तरह 2005 में अधिनियमित आरटीआई अधिनियम ने नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकरणों से जानकारी मांगकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का अधिकार दिया है। यह अधिनियम भ्रष्टाचार से निपटने, सरकारी पारदर्शिता सुनिश्चित करने और जवाबदेही बढ़ाने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करता है। वक्ता ने कहा कि आरटीआई अधिनियम नागरिकों को अधिक जागरूक बनाता है, उन्हें सार्वजनिक प्राधिकरणों के कार्यों और निर्णयों पर सवाल उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है, इस प्रकार देश के लोकतांत्रिक ढांचे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पूर्व आयुक्त ने आरटीआई अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा की। इनमें सूचना प्रदान करने में देरी, नागरिकों में जागरूकता की कमी और कभी-कभी सार्वजनिक प्राधिकरणों द्वारा गैर-अनुपालन शामिल हैं। उन्होंने अधिनियम के तहत नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित करने के महत्व पर जोर दिया, साथ ही अनुरोधों को कुशलतापूर्वक संभालने के लिए सूचना अधिकारियों की क्षमता को मजबूत किया। व्याख्यान एक संवादात्मक सत्र के साथ समाप्त हुआ, जहाँ वक्ता ने उपस्थित लोगों को पारदर्शिता और लोकतंत्र की भावना की रक्षा करते हुए अधिकारियों को जवाबदेह ठहराने के लिए आरटीआई अधिनियम का जिम्मेदारी और रणनीतिक रूप से उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वाधान में बच्चों के लिए आयोजित की गई प्रतियोगिताएँ




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत दिनांक 01 अक्टूबर 2024 को केंद्रीय विद्यालय नया रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वाधान में कक्षा 1 से 12 तक के बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों द्वारा उत्साह से भाग लिया गया। दिनांक 03.10.2024 को केंद्रीय विद्यालय, नया रायपुर में स्वच्छता एवं वित्तीय साक्षरता पर आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति संदेश दिया गया एवं साथ ही विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय में श्री विनोद अरोड़ा, अध्यक्ष, श्री विजय वसंत रायकवाड, श्री आभास कुमार सतपति, श्री अजय कुमार निराला, महाप्रबंधक, श्री कमलेश कुंदन, श्री अमरजीत सिंह खनूजा, सहायक महाप्रबंधक, श्री संदीप कुमार, श्री विजय धुरंधर, श्री भगवान सिंह आहिरे प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय नया रायपुर श्रीवास्तव सर एवं नायक सर उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री विनोद कुमार अरोड़ा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के संबंध में जानकारी दी गई एवं साथ ही छात्रों को बैंक खाता परिचालन के बारे में अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के सफाई कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को भी उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के अध्यक्ष बने डॉ. रोहित यादव

### छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में नई ऊंचाई देने का संकल्प : डॉ. रोहित यादव





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ के नवागत अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने 4 अक्टूबर को पूर्वाह्न विद्युत सेवा भवन में कार्यभार ग्रहण किया। वे 2002 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं, उन्हें ऊर्जा विभाग के सचिव के साथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। हालही में वे प्रधानमंत्री कार्यालय से प्रतिनियुक्ति से लौटे हैं, उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए छत्तीसगढ़ को ऊर्जा के क्षेत्र में देश में अग्रणी राज्य बनाने की बात कही।

डॉ. यादव ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात् अधिकारियों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को पॉवर सरप्लस स्टेट के रूप में पूरे देश में पहचाना जाता है। केंद्र सरकार में ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की किसी भी बात का वजन होता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में हमने बहुत सारा काम कर लिया है और आगे बहुत सारा काम करना है क्योंकि भविष्य में ऊर्जा की मांग पूरे देश ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ में भी बड़े स्तर पर बढ़ने वाली है इसलिए बड़े स्तर पर विस्तार की कार्ययोजना पर काम चल रहा है चाहे वह थर्मल प्लांट हो या फिर हाइडल का हो या रिन्यूबल एनर्जी की हो। भारत सरकार बहुत ज्यादा उत्सुक है कि हम अपने राज्य में नई तकनीकों को लेकर आएं और ऊर्जा उत्पादन बढ़ाएं। इसके लिए भारत सरकार मदद करने, वित्तीय सहायता हो या फिर कंसल्टेंसी हो, वह उपलब्ध कराने तैयार है।

डॉ. यादव ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास चुनौतियां भी बहुत अधिक हैं। अब क्वालिटी ऑफ पॉवर की बात होने लगी है, पहले हम क्वांटिटी ऑफ पॉवर की बात करते थे। अब हमें क्वालिटी ऑफ पावर पर ध्यान देना है। इसके लिए वृहद स्तर पर रिफार्म करना है। स्मार्ट मीटर, नई योजना पीएम सूर्यघर योजना पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि पॉवर के बारे में पिछले पांच साल से सीख रहा हूं। यहां भी अधिकारीगण कोई नया आइडिया हो, कुछ नया करना चाहते हैं तो उसे मुझसे साझा कर सकते हैं। हम एक टीम के रूप में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के प्रबंध निदेशक गण सर्वश्री एसके कटियार, राजेश कुमार शुक्ला, भीमसिंह कंवर सहित कार्यपालक निदेशक व मुख्य अभियंता गण तथा बड़ी संख्या में अधिकारीगण उपस्थित थे। स्वागत समारोह का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश कुमार मिश्र ने किया।

**जीवन परिचय**- डॉ. रोहित यादव, सचिव ऊर्जा एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज, जन्म- 7 जुलाई 1976, जन्म स्थान - कानपुर (उत्तर प्रदेश), शिक्षा- एमबीबीएस, सेवा प्रारंभ- 2002 बैच के आईएएस अधिकारी-छत्तीसगढ़ कॉडर आबंटित, अनुभव- सीईओ जिला पंचायत (अविभाजित दंतेवाड़ा जिला), कलेक्टर (अविभाजित सरगुजा जिला), कलेक्टर (अविभाजित राजनांदगांव जिला), कलेक्टर (रायपुर जिला), संयुक्त सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय), सचिव (नगरीय प्रशासन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन), एमडी (छत्तीसगढ़ रोड इंफ्रास्ट्रक्चर कार्पोरेशन), सेंट्रल डेपुटेशन (केंद्रीय वाणिज्य मंत्री, भारत सरकार, 2017), संयुक्त सचिव (इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार, 2019), संयुक्त सचिव (प्रधानमंत्री कार्यालय, 2020), विशेषज्ञता, वृहद प्रशासनिक कार्यानुभव के अतिरिक्त अधोसंरचना जैसे- नगरीय विकास, सड़क, इस्पात, ऊर्जा में राज्य शासन से लेकर केंद्र शासन तक योगदान।

